## सुविचार

सब प्राचीन अच्छा और सब नया बुरा नहीं होता। बुद्धिमान पुरुष स्वयं परीक्षा द्वारा गुण-दोषों का विवेचन करते हैं।

“ कालीदास ”


# दैनिक रेवांचल टाइम्स

निष्पक्ष, निर्भीक एवं सत्य का प्रवर्तक



Revanchal Times

7509202320

@revanchal_times

revanchaljabalpur@gmail.com

revanchaltimes_



■ वर्ष 2 ■ अंक 354 ■ जबलपुर, रविवार 21 दिसम्बर 2025 ■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य, 01 रुपये ■ RNI. Reg. No MPHIN/2023/90965


# बंगाल में मोदी बोले-यहां कमीशनखोरी वाली सरकार, कई प्रोजेक्ट अटके

## टीएमसी मेरा विरोध हजार बार करे, लेकिन राज्य का विकास क्यों रोक रही



कोलकाता/गुवाहटी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कोलकाता एयरपोर्ट से नादिया जिले के राणाघाट में आयोजित कार्यक्रम को फोन से वर्चुअली संबोधित किया। मोदी ने कहा- ऐसा नहीं है कि बंगाल के विकास के लिए पैसों की कमी है, लेकिन यहां की सरकार सिर्फ कट और कमीशन में लगी रहती है। पीएम ने कहा- आज भी बंगाल में हजारों करोड़ के प्रोजेक्ट अटके हुए हैं। मैं बंगाल की जनता के सामने अपनी पीड़ा रखना चाहता हूं। ळटउ को मोदी का विरोध करना है तो करे, 100 बार करे, हजार बार करे। लेकिन मैं ये नहीं समझ पा रहा हूं कि बंगाल के विकास को क्यों रोका जा रहा है। पीएम ने अपने संबोधन से पहले 3,200 करोड़ के नेशनल हाईवे प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन भी किया। ढट सुबह करीब 10.40 बजे दिल्ली से कोलकाता पहुंचे थे। वहां से हेलिकॉप्टर से ताहिरपुर रवाना हुए। हालांकि, घने कोहरे के कारण हेलिकॉप्टर कुछ देर तक हेलीपैड के ऊपर मंडराने के बाद वापस कोलकाता लौट गया। बंगाल में वोटर्स लिस्ट का स्पेशल इंटेसिव रिवीजन ड्राफ्ट जारी होने के बाद मोदी का यह पहला और पिछले पांच महीनों में तीसरा दौरा है। प्रधानमंत्री बंगाल के बाद आज शाम दो दिनों के लिए असम दौरे पर जाएंगे। असम में 15,600 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन-शिलान्यास करेंगे।

**बंगाल के लोग टीएमसी के कुशासन से परेशान :** बंगाल पहुंचने से पहले मोदी ने बंगाल की ममता सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा- बंगाल के लोगों को केंद्र सरकार की कई स्कीमों का फायदा मिल रहा है, लेकिन वे तृणमूल कांग्रेस के कुशासन से परेशान हैं। पीएम ने लिखा- बंगाल में तृणमूल की जनता से लूटपाट और डराने-धमकाने की सारी हदें पार हो गई हैं। इसलिए आज इखढ ही लोगों की एकमात्र उम्मीद है।

**टीएमसी घुसपैठियों को बचाने के लिए पूरी ताकत लगा रही :** प्रधानमंत्री ने कहा- लोगों को टीएमसी की साजिशों से सावधान रहने की जरूरत है। वे घुसपैठियों को बचाने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा रहे हैं। मैंने सोशल मीडिया पर देखा कि कुछ लोगों ने गो बैक मोदी के बोर्ड लगा रखे हैं। इससे बेहतर होता कि पश्चिम बंगाल की हर गली और खंभे पर ह्यगो बैक घुसपैठिएह्ल लिख दिया जाता। प्रधानमंत्री ने त्रिपुरा से बंगाल की तुलना करते हुए कहा- वामपंथी शासन ने तीन दशकों के अपने शासनकाल में त्रिपुरा को बर्बाद कर दिया था, लेकिन भाजपा को अपनाने के बाद राज्य तेजी से विकास कर रहा है। भाजपा शासित त्रिपुरा की तुलना में बंगाल विकास के मामले में पिछड़ रहा है, जबकि त्रिपुरा तेजी से प्रगति कर रहा है।

**मौसम ने कठिनाइयां पैदा कीं, लेकिन मैं फिर आऊंगा :** ढट ने कहा- इस बार मौसम ने कठिनाइयां पैदा की हैं। इसके कारण मैं कार्यक्रम स्थल तक नहीं पहुंच सका। मैं वैसा नहीं हूं कि मौसम की परेशानी को भी राजनीति के रंग में रंग दूं। मैं वादा करता हूं कि फिर आऊंगा। आपके दर्शन करूंगा। बार-बार आऊंगा।

### मोदी की रैली में जा रहे चार भाजपा समर्थकों की मौत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शनिवार सुबह तहेपुर में होने वाली रैली में शामिल होने जा रहे चार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) समर्थकों की नदिया जिले में ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार यह घटना कृष्णानगर-राणाघाट रेल खंड पर तहेपुर और बडकुल्ला रेलवे स्टेशनों के बीच हुई। मृतक उन करीब 40 भाजपा समर्थकों के समूह का हिस्सा थे, जिन्होंने मुर्शिदाबाद से तहेपुर जाने के लिए एक बस किराए पर ली थी। वे प्रधानमंत्री की बैठक और मटुआ-बहुल राणाघाट लोकसभा क्षेत्र में होने वाली सार्वजनिक रैली में शामिल होने जा रहे थे। सूत्रों ने बताया कि सुबह-सुबह समूह के पांच सदस्य रेलवे ट्रैक के पास बस से उतरकर लुघुशंका के लिए पटरियों पर चले गए। उसी समय उसी लाइन पर अचानक एक ट्रेन आ गई। क्षेत्र में घने कोहरे के कारण वे ट्रेन की आवाजाही को समय पर नहीं देख पाए। पटरी से हटने से पहले ही ट्रेन की चपेट में आ गए। तीन भाजपा समर्थकों की मौके पर ही मौत हो गई। उनके शवों को बाद में बरामद कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के लिए कृष्णानगर सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) थाने ले जाया गया। दो अन्य को गंभीर हालत में नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनमें से एक को मृत घोषित कर दिया। पांचवां व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है और उसका इलाज जारी है।

# असम में राजधानी एक्सप्रेस से टकराकर 7 हाथियों की मौत

## एक घायल; ट्रेन के 5 डिब्बे-इंजन पटरी से उतरे, कोहरे के कारण हादसे की आशंका



नगांव/गुवाहाटी। असम के होजाई जिले में शनिवार सुबह हाथियों का एक झुंड सैरंग-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आ गया। हादसे में सात हाथियों की मौत हो गई और एक हाथी का बच्चा घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में ट्रेन का इंजन और पांच कोच भी पटरी से उतर गए। यह हादसा सुबह 2:17 बजे चांगजुराई गांव के पास हुई। शुरूआत में आठ हाथियों के मारे जाने की सूचना थी, लेकिन बाद में पुष्टि हुई कि एक हाथी का बच्चा जिंदा है और गंभीर रूप से घायल है। हादसे में किसी यात्री के घायल होने की खबर नहीं है। नगांव के डिवीजनल फॉरेस्ट ऑफिसर सुहास कदम ने बताया कि इलाके में घना कोहरा होने के कारण यह हादसा हुआ होने की आशंका है। मृत हाथियों का पोस्टमॉर्टम किया जा रहा है, जबकि स्थानीय पशु चिकित्सक घायल हाथी का इलाज कर रहे हैं।

**इमरजेंसी ब्रेक लगाने के बावजूद हाथी ट्रेन से टकराए :** नॉर्थईस्ट फ्रंटियर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कपिंजल किशोर शर्मा ने बताया कि हादसा गुवाहाटी से करीब 126 किलोमीटर दूर लुमडिंग डिवीजन के तहत जमुनामुख-कांपुर सेक्शन में हुआ। हादसे वाली जगह अधिसूचित हाथी कॉरिडोर नहीं है। अधिकारी के अनुसार, हाथियों का झुंड अचानक ट्रेन के सामने आ गया। लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाए, लेकिन इसके बावजूद हाथी ट्रेन से टकरा गए। फॉरेस्ट ऑफिसर ने बताया कि मृत हाथियों का अंतिम संस्कार घटनास्थल के पास ही किया जाएगा।

**पटरी से उतरे कोचों को छोड़कर ट्रेन 4 घंटे बाद रवाना हुई :** एनएफआर अधिकारी ने बताया कि सैरांग-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस मिजोरम के सैरांग (आइजोल के पास) से दिल्ली के आनंद विहार टर्मिनल तक जाती है। हादसे के बात पटरी से उतरे कोचों के यात्रियों को अस्थायी रूप से अन्य डिब्बों में खाली बर्थ पर शिफ्ट किया गया। फिर प्रभावित कोचों को हटाकर बाकी ट्रेन 4 घंटे बाद, सुबह 6:11 बजे गुवाहाटी के लिए रवाना हुई। गुवाहाटी में ट्रेन में अतिरिक्त कोच जोड़े गए, जिनमें यात्रियों को बैठाया गया। इसके बाद ट्रेन ने अपनी आगे की यात्रा फिर से शुरू की। अधिकारी के मुताबिक, प्रभावित सेक्शन से गुजरने वाली ट्रेनों को अप लाइन से डायवर्ट किया गया था। मौके पर ट्रैक बहाली का काम जारी है। एनआरएफ के जनरल मैनेजर और लुमडिंग के डिवीजनल रेलवे मैनेजर ने घटनास्थल पर पहुंचकर जायजा लिया।


# हरिद्वार में ढोंगी बाबाओं पर पुलिस का शिकंजा, सात बेहरूपिए गिरफ्तार



हरिद्वार। उत्तराखंड की धर्मनगरी हरिद्वार में धार्मिक आस्था की आड़ में लोगों को भ्रमित कर ठगी और उकसावे की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने ऑपरेशन कालनेमि के तहत कोतवाली ज्वालापुर पुलिस ने साधु-संतों का भेष धारण कर तंत्र-मंत्र, जादू-टोना दिखाकर स्थानीय लोगों और यात्रियों को आकर्षित करने वाले सात बेहरूपी बाबाओं को गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शनिवार को जांच के दौरान ज्वालापुर क्षेत्र में इन ढोंगी बाबाओं की गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं। मौके पर भीड़ जुटने और स्थिति के बिगड़ने की आशंका को देखते हुए पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सभी आरोपियों को बीएनएसएस के अंतर्गत हिरासत में लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी साधु का भेष धरकर लोगों की धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ कर रहे थे, जिससे कानून-व्यवस्था प्रभावित होने की संभावना बनी हुई थी। समय रहते कार्रवाई कर पुलिस ने किसी भी अप्रिय स्थिति को टाल दिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड के विभिन्न जिलों के निवासी शामिल हैं। हरिद्वार पुलिस ने स्पष्ट किया है कि ऑपरेशन कालनेमि के तहत आगे भी ऐसे तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, जो आस्था की आड़ में समाज को गुमराह करने का प्रयास करेंगे।

# राजस्थान के फतेहपुर-माउंट आबू में पारा 4 डिग्री

## दिल्ली में घना कोहरा, 129 फ्लाइट कैंसिल; यूपी-बिहार में 6 की मौत, 11 जिलों के स्कूल बंद



नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश समेत 8 राज्यों में शनिवार सुबह भीषण सर्दी के साथ घना कोहरा छाया रहा। राजस्थान के सीकर स्थित फतेहपुर और सिरोही के माउंट आबू में न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मध्य प्रदेश के करीब 20 जिले घने कोहरे से ढके रहे। इसके कारण दिल्ली से भोपाल-इंदौर आने वाली कई ट्रेनें लेट हैं। दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट (क्क्क) पर कोहरे के कारण शनिवार को 129 फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गई है। यूपी के 50 जिलों में कोहरा छाया रहा। सुबह 9 बजे तक सड़कों पर सन्नाटा पसरा दिखा। 10 मीटर दूर भी कुछ नहीं दिख रहा था। संभल में घने कोहरे के कारण ट्रक और बाइक की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई। घने कोहरे के कारण यूपी के 8 जिलों के स्कूलों में 19 और 20 दिसंबर को छुट्टी की गई है। बिहार के 24 जिलों में कोल्डे के हालात है। पिछले दो दिनों से कई जिलों में धूप नहीं निकली है। सारण, दरभंगा और मुंगेर में स्कूल बंद करने के आदेश दिए गए हैं। अररिया में घने कोहरे की वजह से तेज रफ्तार कार और बाइक की टक्कर में 2 युवकों की मौत हो गई।

# दिल्ली में हवा बन गई जहर, AQI 535 के खतरनाक स्तर पर पहुंचा

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में जहरीले धुंए की परत छाने से शनिवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) 535 के खतरनाक स्तर पर पहुंच गया। दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में ग्रैप-4 के तहत सभी कार्रवाइयां लागू की गई हैं। राजधानी की वायु गुणवत्ता बेहद खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है जहां एक्यूआई 535 रिकॉर्ड किया गया है। यह ह्लअत्यंत खतरनाकह्व श्रेणी को दशार्ता है और एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातस्थिति का संकेत देता है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार हजरत निजामुद्दीन में एक्यूआई 408 दर्ज किया गया, जो कि ह्यगंभीरह्ल श्रेणी में आता है और दृश्यता बहुत कम रही। अक्षरधाम में भी ऐसी ही स्थिति देखी गई, जहां एक्यूआई 420 दर्ज किया गया जो ह्यगंभीरह्ल श्रेणी में आता है। सीपीसीबी के अनुसार सराय काले खां में एक्यूआई बढ़कर 428 हो गया, जबकि प्रगति मैदान के पास भैरव मार्ग पर शहर की सबसे ज्यादा 433 दर्ज किया गया। दिल्ली-नोएडा-दिल्ली फ्लाईओवर पर एक्यूआई 402 दर्ज किया गया और बारापुला फ्लाईओवर पर 380 दर्ज किया गया, जो बहुत खराब श्रेणी में आता है। राव तुलाराम मार्ग पर भी एक्यूआई 403 दर्ज किया गया।

# 5 साल में मनरेगा के 4.43 करोड़ जॉब कार्ड डिलीट

## बिहार में सबसे ज्यादा 1 करोड़ नाम हटे; टॉप 6 राज्यों में यूपी-टढ और बंगाल



नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को राज्यसभा में बताया कि पिछले पांच सालों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत देशभर में 4.43 करोड़ जॉब कार्ड हटाए गए हैं। इसमें सबसे ज्यादा बिहार में 1.04 करोड़ कार्ड डिलीट हुए है। दूसरे नंबर पर यूपी है, जहां 90.4 लाख जॉब कार्ड हटाए गए हैं। मंत्रालय ने बताया कि कुल हटाए गए जॉब कार्ड में बिहार और उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी 44% है। बिहार-यूपी के अलावा जिन 4 राज्यों में सबसे ज्यादा जॉब कार्ड डिलीट किए गए, उनमें ओडिशा, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल और राजस्थान शामिल है।

**सरकार बोली- डिलीट कार्ड फर्जी, डुप्लीकेट या गलत जानकारियों वाले थे :** यह जानकारियां ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने राज्यसभा में सांसद तिरुचि शिवा के सवाल के लिखित जवाब में दी। मंत्री ने बताया कि जितने भी जॉब कार्ड डिलीट हुए, वे फर्जी, डुप्लीकेट या गलत जानकारियों वाले कार्ड थे और यह प्रक्रिया नियमित रूप से की जाती है। मंत्री ने बताया कि जिन परिवारों ने स्थायी रूप से पलायन कर लिया है, जिन ग्राम पंचायतों का शहरीकरण हो चुका है या जिन परिवारों में जॉब कार्ड का एकमात्र सदस्य मृत्यु को प्राप्त हो चुका है, ऐसे मामलों में भी कार्ड डिलीट किए गए हैं। सरकार ने बताया कि इस प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए 25 जनवरी 2025 को एक मानक संचालन प्रक्रिया जारी की गई थी। केंद्र के मुताबिक, अगर किसी भी तरह का कन्फ्यूजन होता है इन रडढ को देखा जा सकता है।

# राहुल जर्मनी में बोले- आरएसएस के लिए सच्चाई नहीं, शक्ति जरूरी



नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को जर्मनी की राजधानी बर्लिन में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) चीफ मोहन भागवत की आलोचना की। राहुल ने कहा- फ्रर चीफ खुले तौर पर कह रहे हैं कि सच्चाई का कोई महत्व नहीं है, शक्ति महत्वपूर्ण है। यही उनमें और हममें अंतर है। राहुल ने कहा- हमारी पूरी संस्कृति सत्य पर आधारित है। आप किसी भी धर्म को देख लें, मूल रूप से वे यही कहते हैं कि सत्य का पालन करो। कांग्रेस, महात्मा गांधी और आप सभी, हम भारत के सत्य की रक्षा करते हैं। फ्रर ऐसा नहीं करती। बता दें कि राहुल गांधी 5 दिन के जर्मनी दौरे पर हैं। उन्होंने शुक्रवार को ओवरसीज इंडियन कांग्रेस के कार्यक्रम 'कनेक्टिंग कल्चर्स' में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। इसके अलावा उन्होंने जर्मन थिंक-टैंक में शामिल नेताओं के साथ बातचीत की और हर्टी स्कूल में भी स्पीच दी।





# भ्रष्टाचार के मामले में पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान और उनकी पत्नी को 17-17 साल की सजा



**पेशावर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को भ्रष्टाचार के मामले में बड़ा झटका लगा है। फेडरल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी की विशेष आदालत ने तोशाखाना-क्क भ्रष्टाचार मामले में दोनों को 17-17 साल की कठोर जेल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने इमरान और उनकी पत्नी को दोषी मानते हुए यह फैसला सुनाया है। भ्रष्टाचार का यह मामला साल 2021 से जुड़ा है, जब सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस द्वारा इमरान खान को एक बेहद कीमती बुल्गारी ज्वेलरी सेट गिफ्ट किया था। जांच में सामने आया कि इन गहनों की वास्तविक कीमत 7 करोड़ 15 लाख पाकिस्तानी रुपए से अधिक थी, लेकिन इसे मात्र 58 लाख रुपए में खरीदकर नियमों का उल्लंघन किया था। कोर्ट ने इसे विश्वास के साथ धोखाधड़ी और भ्रष्ट आचरण करार दिया। कोर्ट ने इमरान खान को आपराधिक विश्वासघात के तहत 10 साल और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत 7 साल की सजा सुनाई है। बुशरा बीबी को भई समान धाराओं में कुल 17 साल की सजा सुनाई गई है। इसके अलावा दोनों पर 1 करो 64 लाख रुपए का जुमार्ना भी लगाया गया है। जुमार्ना न देने की स्थिति में अतिरिक्त जेल की सजा भुगतनी होगी।

# बांग्लादेश में हिंसा- 7 साल की बच्ची जिंदा जली

**ढाका।** बांग्लादेश के लक्ष्मीपुर सदर में शुक्रवार देर रात कुछ उपद्रवियों ने एक घर को बाहर से बंद कर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। आग में जिंदा जलने से एक 7 साल की बच्ची की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए। यह घर बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के नेता बिलाल हुसैन का है। पुलिस के मुताबिक घटना रात करीब 1 बजे की है। आग लगने से बिलाल की 7 साल की बेटी आयशा अख्तर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बिलाल हुसैन और उनकी दो अन्य बेटियां सलमा अख्तर (16) और सामिया अख्तर (14) गंभीर रूप से झुलस गए। बिलाल का इलाज लक्ष्मीपुर सदर अस्पताल में चल रहा है, जबकि दोनों बेटियों को गंभीर हालत में ढाका भेजा गया है।


मां रेवा पब्लिकेशन एंड प्रिंटर्स

जबलपुर शहर में सबसे कम दामों में

समाचार पत्र के A to Z कार्य का एकमात्र स्थान

प्रिंटिंग

जॉब वर्क

न्यूज पेपर

पीडीएफ

संपर्क करें 7415685293 9589490996 9340553112

68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड, मुस्कान प्लाजा के पीछे, एम आर 4 रोड, उखरी, जबलपुर (मप्र)

कागजों में हरियाली, जमीन पर सूखा सच – करोड़ों का बजट आखिर किस अंधे कुएँ में गिर रहा है?

# उद्यानिकी विभाग की बड़ी पोल!

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** आदिवासी बहुल्य जिले में उद्यानिकी विभाग का ह्यहराभराह्न दावा अब एक बड़ा मजाक बन चुका है। विभाग की फाइलों में जहां खेत बाग-बगीचों से लहलहा रहे हैं, वहीं जमीनी हकीकत देखेंगे तो सिर्फ सूखा, झाड़ियाँ और उजड़ी उम्मीदें नजर आती हैं। किसानों का साफ कहना है–उद्यानिकी विभाग अब विकास नहीं, सिर्फ ढोंग उगा रहा है। कागज में बाग–जमीन पर वीरानी: मंडला का असली सच !ग्रामीणों की शिकायतें विभाग की जड़ता की पूरी कहानी बयान करती हैं– न कोई नया बागवानी प्रोजेक्ट, न प्रशिक्षण शिविर, न पौधे, न सब्सिडी, न कोई तकनीकी सहायता, इसके बावजूद विभाग की रिपोर्टों में ह्लफलदार पौधों का वितरणह्न, ह्लविस्तारित क्षेत्रह्न, ह्ललाभान्वित किसानह्न जैसे चमकदार झूठ भरे रहते हैं। जिन खेतों में विभाग ने बाग लगाना दिखाया है, वहां आज भूसे के ढेर और जंगली झाड़ियां खड़ी हैं।




### करोड़ों का बजट–किसके पेट में जा रहा है?

हर साल उद्यानिकी योजनाओं पर लाखों-करोड़ों रुपये जारी होते हैं। लेकिन न खेतों में खर्च का निशान है, न किसानों को लाभ। जनता पूछ रही है: पैसा कहां गया? अगर योजना लागू नहीं हुई, तो राशि किसकी जेब में समाई? इस ह्यफर्जी हरियालीह्न का मास्टरमाइंड कौन? किस अधिकारी ने कागजी बागों का साम्राज्य खड़ा किया? किसानों का आरोप है–90% योजनाएं सिर्फ कागज निगल रही हैं, जबकि विभाग मीटिंग, दौरे और ह्यक्लेम रिपोर्टह्न में ही अपनी साल भर की खानापूर्ति कर लेता है।

### विभाग की गहरी नींद, जनता का उबलता गुस्सा

मंडला के लोग अब उद्यानिकी विभाग को खुलेआम सबसे नाकारा, फेल और दिशाहीन विभाग बता रहे हैं। किसान आय दोगुनी का सपना मंडला में हास्यास्पद प्रतीत होता है–क्योंकि विभाग खेतों में नहीं, फाइलों में फसलों की खेती कर रहा है। विभाग की सुस्ती ऐसी कि किसानों के खेत सूखते रहें, पर अधिकारी कुर्सी न छोड़ें–यही इसका फॉमूर्ला बन चुका है। जनता की कड़ी मांग–अब दिखावा नहीं, कठोर कार्रवाई चाहिए मंडला की जनता अब सवाल नहीं, जवाब और सख्त कदम चाहती है: हर ब्लॉक में उद्यानिकी योजनाओं की जांच कमेटी करोड़ों रुपये की ऑडिट रिपोर्ट सार्वजनिकफर्जी रिपोर्टिंग करने वाले अधिकारियों का निलंबन किसानों को सीधे लाभ पहुंचाने वाला पारदर्शी सिस्टम

### लोग साफ कह रहे हैं–

फाइलों में नहीं, खेतों में फूल चाहिए !ह्व
बड़ा सवाल – आखिर मंडला कब जागेगा?
जब तक उद्यानिकी विभाग को कुर्सी से उठा कर खेतों में नहीं भेजा जाएगा, तब तक मंडला में: योजनाएं फाइलों में ही फलती रहेंगी,खेत बंजर रहेंगे, किसान ठगे जाएंगेऔर विभाग भ्रष्टाचार का प्रतीक बना रहेगा।
अब सरकार को तय करना होगा
उद्यानिकी विभाग किसानों के लिए है, या सिर्फ अपने लिए?
अगर सिस्टम पर लगाम नहीं कसी गई,तो मंडला में बागवानी का भविष्य कागज के जंगल में ही दम तोड़

# बाघ ने ग्रामीण की पीठ पर पंजा मारा, घाव बना

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** मंडला जिले के कान्हा टाइगर रिजर्व के बफर जोन खटिया रेंज में एक ग्रामीण पर बाघ ने हमला कर दिया। इस हमले में सौंतिया गांव निवासी 50 वर्षीय छन्नूलाल इनवाती गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। यह घटना खटिया रेंज के छपरी बीट कक्ष क्रमांक 301 में हुई। छन्नूलाल स्टॉप डैम के पास दातुन लेने जंगल गए थे। लौटते समय उनका सामना एक बाघ से हो गया। बाघ ने उनकी पीठ पर पंजा मारा और वहां से भाग गया।



### घायल जिला अस्पताल रेफर

हमले के बाद घायल छन्नूलाल तुरंत जंगल से बाहर आए और ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और उन्हें तत्काल मोचा अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। खटिया रेंजर सौरभ चौबे ने बताया कि घटना शाम करीब 4 बजे हुई, जिसकी सूचना 4:30 बजे मिली। छन्नूलाल को दोनों कंधों पर दो चोट के निशान, कमर में खरोंच और पीठ पर गहरे घाव हैं। वनकर्मियों के साथ उन्हें मोचा से जिला अस्पताल भेजा गया है और तात्कालिक सहायता के तौर पर 2 हजार रुपए प्रदान किए गए हैं। गांव के आसपास बाघ की मौजूदगी को देखते हुए ग्रामीणों को सतर्क करने के लिए मुनादी कराई जा रही है।

# सेंट्रों कार से 1 लाख 89 हजार की शराब जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला। महाराजपुर पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक सेंट्रो कार से 61 लीटर 800 मिलीलीटर अवैध शराब जब्त की है। जब्त शराब और कार की कुल कीमत लगभग 1 लाख 89 हजार 100 रुपए आंकी गई है। थाना प्रभारी महाराजपुर निरीक्षक डॉ. जयसिंह यादव के नेतृत्व में गठित टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी।**

भागने की कोशिश नाकाम, पुलिस ने दो को पकड़ा सूचना के अनुसार, एक ग्रे रंग की सेंट्रो कार अवैध शराब लेकर घंसौर की ओर से आ रही थी। सूचना की पुष्टि के लिए पुलिस टीम ने नाकाबंदी की। इसी दौरान सेंट्रो कार क्रमांक टल्र 02 इळ 7221 को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन कार सवारों ने भागने की कोशिश की। पुलिस टीम ने त्वरित घेराबंदी कर वाहन को रोक लिया।

**सेंट्रो कार में छुपाकर ले जा रहे थे अवैध शराब–** वाहन में सवार एक व्यक्ति ने भागने का प्रयास किया, जिसे मौके पर ही पकड़ लिया गया। दूसरा व्यक्ति चालक सीट पर मौजूद था। गवाहों की उपस्थिति में विधिवत तलाशी पंचनामा की कार्रवाई की गई। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान




पंकज कुमार परते (25 वर्ष), पिता सुद्धुलाल परते, निवासी ग्राम हरार्टीकर, थाना मोहगांव, जिला मंडला और हिमेश ठाकुर (22 वर्ष), पिता विजयकिशोर ठाकुर, निवासी ग्राम मुगदरा, थाना बम्हनी, जिला मंडला के रूप में हुई है। पुलिस ने कुल 61 लीटर 800 मिलीलीटर शराब जब्त की, जिसकी कीमत 39,100 रुपए है। इसके अतिरिक्त, सेंट्रो कार क्रमांक टल्र 02 इळ 7221 भी जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 1,50,000 रुपए है। दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना महाराजपुर में धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। इस कार्रवाई में उनि. बीआर मेश्राम, सउनि. रमेश पाल, प्र.आर. विजय, आर. अमित गरयार, सुंदर भलावी, शिवा नाविक, संदीप पूसाम, प्रशांत अवस्थी, हरिदास बिंझिया और मनोहर धुर्वे की विशेष भूमिका रही।

## कान्हा के फेन अभ्यारण्य में तापमान 6.2 डिग्री पहुंचा

**मंडला।** मंडला जिले में कड़ाके की ठंड का दौर जारी है। शनिवार को कान्हा नेशनल पार्क के बम्हनी मट्टा (फेन अभ्यारण्य) में न्यूनतम तापमान 6.2 डिग्री दर्ज किया गया, जो जिले में सबसे कम रहा। मंडला शहर का न्यूनतम तापमान 7.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। सुबह के समय जिले में घना कोहरा भी छाया रहा। कान्हा नेशनल पार्क के विभिन्न क्षेत्रों में भी शीतलहर का असर देखा गया।


शनिवार सुबह कान्हा रेंज का तापमान 8.0 डिग्री, किसली में 8.4 डिग्री, सूपखार में 7.3 डिग्री, भिलवानी में 7.0 डिग्री और मुक्की में 9.4 डिग्री दर्ज किया गया। तेज ठंड के बावजूद पर्यटक सफारी का आनंद ले रहे हैं, जबकि वनकर्मी बाघ आकलन के कार्य में जुटे हैं। पिछले 10-12 दिनों से जिले का न्यूनतम तापमान 7 से 8 डिग्री के आसपास बना हुआ है, जिससे तीव्र ठंड महसूस की जा रही है। शुक्रवार को मंडला शहर का न्यूनतम तापमान 7.7 डिग्री और अधिकतम तापमान 23.5 डिग्री दर्ज किया गया था।

# बिना लायसेंस के बेच रहा था अधिक दामों पर यूरिया

### जमाखोर व्यापारी पर कृषि विभाग ने की कार्यवाही

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला। नारायणगंज मंडला विकासखंड नारायणगंज अंतर्गत दिव्या किराना एंड जनरल स्टोर में उर्वरक एवं बीज का अवैध भंडारण और विक्रय किए जाने का मामला सामने आया है। कृषि विभाग को मिली शिकायत के आधार पर गठित टीम द्वारा जब दुकान की जांच की गई, तो बिना लाइसेंस खाद और बीज का कारोबार किया जाना पाया गया।**

सूत्रों से जानकारी के अनुसार उक्त जनरल स्टोर के संचालक राकेश कुमार साहू बिना किसी वैध अनुमति के उर्वरक और बीज की बिक्री कर रहे थे, जो कृषि अधिनियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। कृषि विभाग की टीम के दुकान पर पहुंचते ही राकेश साहू किराना स्टोर पर ताला लगाकर मौके से फरार हो गए।नारायणगंज स्थित राकेश साहू के प्रतिष्ठान के गोदाम में भी यूरिया पाए जाने पर कृषि विभाग ने संबंधित कमरे को सील कर दिया है। इस कार्रवाई से स्पष्ट है कि अलग-अलग स्थानों पर अवैध रूप से उर्वरक का भंडारण किया जा रहा था। इसके बाद कृषि विभाग की टीम द्वारा राकेश साहू के पैतृक ग्राम में भी कार्रवाई की गई, जहां अवैध



रूप से भंडारित 54 बोरी यूरिया जप्त की गई। विभाग द्वारा जिस कमरे में यूरिया रखा गया था, उसे सील कर दिया गया है। जप्त सामग्री के संबंध में आगे की वैधानिक प्रक्रिया की जा रही है।जांच दल में डीडीए अश्वनी झरिया, एसडीओ निवास अरविंद वर्मा, एसएडीओ नारायणगंज प्रीति लोवंशी तथा एईओ उपस्थित रहे। टीम द्वारा मौके पर उपलब्ध सामग्री का अवलोकन कर आवश्यक दस्तावेजी कार्रवाई की गई। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, राकेश साहू को विभागीय कार्रवाई की पूर्व जानकारी मिलने की चर्चाएं भी सामने आ रही हैं। बताया जा रहा है कि राकेश साहू के एक रिश्तेदार कृषि विभाग में पदस्थ हैं, जिसके चलते समय-समय पर उन्हें संभावित जांच या कार्रवाई की सूचना मिलती रही और अब तक बचाव किया जाता रहा। हालांकि इस संबंध में विभागीय स्तर पर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि यदि जांच में इस प्रकार की मिलीभगत या सूचना लीक होने की पुष्टि होती है, तो संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अवैध रूप से खाद और बीज का विक्रय किसानों के हितों के साथ खिलवाड़ है, इससे फसल उत्पादन और गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। मामले में संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध एफ आई आर की जा चुकी है एवं नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी । कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे केवल लाइसेंसधारी विक्रेताओं से ही उर्वरक व बीज की खरीद करें और किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना तत्काल विभाग को दें।

नियमों को ताक पर रखकर कर रहा कार्य

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती घुघरी सेंट्रल बैंक शाखा मैनेजर पर कमीशनखोरी के आरोप




**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला। जिले के विकास खंड घुघरी में संचालित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की घुघरी शाखा इन दिनों अपने कामकाज के तरीकों को लेकर विवादों के घेरे में है। शाखा प्रबंधक (इ१ल्लूँ टंल्लौ१) पर पद का दुरुपयोग करते हुए मनमानी करने और आर्थिक लाभ के लिए बैंकिंग नियमों की धज्जियां उड़ाने के आरोप लग रहे हैं।**

**डिफॉल्टरों को बांटे जा रहे बीसी पॉइंट–** वही सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकायतकताओं का आरोप है कि शाखा प्रबंधक द्वारा बीसी पॉइंट (कियोस्क सेंटर) के आवंटन में भारी अनियमितता बरती जा रही है। नियमों के विपरीत, बैंक के ऐसे डिफॉल्टर जिन्होंने पूर्व में ऋण नहीं चुकाया है, उनसे कथित तौर पर मोटी रिश्वत लेकर उन्हें बीसी पॉइंट आवंटित किए जा रहे हैं। बैंक के पास ही कियोस्क, ग्राहकों की जेब पर डाका हैरानी की बात यह है कि मुख्य बैंक शाखा के बिल्कुल बगल में ही कियोस्क सेंटर संचालित किया जा रहा है। जबकि जानकारी के अनुसार उसकी कियोस्क संचालित की जगह कही और है पर वह बैंक के किनारे ही संचालित हो रहा है जिससे ग्रामीणों की सुविधाएं नहीं मिल पा रही है और उन्हें किराये लगाकर घुघरी आना जाना पड़ता है वही सूत्रों के अनुसार, ये सब बैंक मैनेजर की शह पर यहाँ आने वाले भोले-भाले ग्रामीणों से पैसे निकालने के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है।

**1,000 की निकासी पर 20 का अवैध कमीशन। 5,000 की निकासी पर 100 की जबरन** कटौती।

### मैनेजर की संलिप्तता के आरोप

नाम न छापने की शर्त पर एक स्थानीय व्यक्ति ने बताया कि इस पूरे खेल के पीछे शाखा प्रबंधक की सीधी संलिप्तता है। ग्रामीण क्षेत्रों में जहाँ लोग बैंकिंग प्रक्रिया के प्रति कम जागरूक हैं, वहाँ मैनेजर और कियोस्क संचालकों का यह गठजोड़ गरीब जनता की मेहनत की कमाई को लूटने का जरिया बन गया है।

### जांच की मांग

**खाता खोलने में 200 रुपए लिये जाते हैं ,पासबुक बनाने के 100 रुपए लिये जाते हैं ग्रामीण अंचल में सेंट्रल बैंक घुघरी की कार्यप्रणाली लूट पर आमादा नजर आ रही है**
इस मामले ने बैंक की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय नागरिकों ने बैंक के उच्चाधिकारियों और सतर्कता विभाग (श्ॅ’ल्लॉ ऊस्र१ॅल्ल३) से मांग की है कि: बीसी पॉइंट आवंटन की निष्पक्ष जांच की जाए। ग्राहकों से की जा रही अवैध वसूली पर तुरंत रोक लगाई जाए। भ्रष्ट गतिविधियों में लिप्त अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की जाए।

### इनका कहना है

कियोस्क सेंटर की जो लोकेशन है वहीं बैठना चाहिए और अगर दूसरी जगह या बैंक के आस पास बैठ रहे हैं तो मैं अभी बात करता हूं ब्रांच मैनेजर से ये गलत है।

**गौरव सिंह , रीजनल मैनेजर**
**क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर**

हमारे यहां कियोस्क सेंटर है लेकिन यहां पर वो बैठता ही नहीं है और गरीब जनता के लिए इन लोगों को कियोस्क दिया गया है लेकिन कोई भी अपनी आवंटित जगह पर नहीं बैठता और पैसा तो मनमाना लेते हैं.

**तीरथ उवेर्दी, सरपंच पति**
**ग्राम पंचायत ढेंको घुघरी**

हम तो हमेशा घुघरी ही आते हैं पैसे निकालने और आना जाना और पैसा निकालने का भी पैसा देते हैं
**रामलाल परते , ग्रामीण ढेंको घुघरी मंडला**

रिपटाघाट में शनिवार को हुई जिला इकाई की बैठक

# मजदूर और किसानों को भेदभाव से बचाने हिंद मजदूर किसान पंचायत ने लिया फैसला

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** रिपटा घाट में शनिवार को संपन्न हुई हिंद मजदूर किसान पंचायत इकाई मण्डला की बैठक में कई बड़े निर्णय लिए गए हैं। जिनमें जिले के संगठित व असंगठित क्षेत्रों में काम करने वाले मजदूरों और छोटे-बड़े किसानों के साथ चल रहे भेदभाव से बचाने का निर्णय प्रमुख है?।जिला मीडिया प्रभारी सहजान परस्ते ने बताया है,कि रिपटा घाट नर्मदा तट पर टीन शेड में हिंद मजदूर किसान पंचायत इकाई मण्डला की बैठक शनिवार 20 दिसंबर को संपन्न हुई। जिसमें मजदूर किसानों के साथ हो रहे अत्याचार और भेदभाव से बचाने के अलावा गांव-गांव तक संगठन के विस्तार का निर्णय लिया गया है?। महासचिव पी.डी. खैरवार ने बताया है,कि जिले में मजदूरों और किसानों का शोषण लगातार




बढ़ता जा रहा है।जिस पर काबू पाने में शासन-प्रशासन असक्षम साबित हो रहा है।अब हिंद मजदूर किसान पंचायत एक-एक मजदूर किसानों के साथ होने वाले भेदभाव को चिन्हित करके उन पर काम करेगा।जिला अध्यक्ष बी.डी. विनंजय ने कहा कि इस पंचायत का गठन सभी ग्रामपंचायतों तक किया जा रहा है?।

मण्डला ब्लाक अध्यक्ष कन्हैया पटैल का कहना है,कि हर गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को उनके वाजिब हक से कोई हस्तक्षेप न करे इस पर हम काम कर रहे हैं। नारायण गंज ब्लाक अध्यक्ष अरविंद बैरागी ने कहा कि शासन-प्रशासन मजदूर किसानों के विकास पर उदासीनता बरत रहे हैं, जिससे मजदूर किसान पीड़ित चल रहे हैं। कानूनी सलाहकार अधिवक्ता धर्मेंद्र धार्या ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर मजदूर किसान के हित में न्यायालय की शरण भी लेने संगठन तत्पर है। वही नारायणगंज ब्लाक अध्यक्ष अरविंद बैरागी, नैनपुर ब्लाक अध्यक्ष आनंद पटैल, बिछिया ब्लाक अध्यक्ष किशोर तेकाम, उपाध्यक्ष सुमन सिंह तेकाम, सचिव प्रेम सिंह कुलस्ते, खटोला पंचायत अध्यक्ष नंदेश्वर मरावी, घुघरी ब्लाक अध्यक्ष सरस्वती मरावी, मोहगांव ब्लाक अध्यक्ष सुनैना धूमकेती,निवास ब्लाक अध्यक्ष दुलीचंद मार्को, मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# सुको के आदेश पालन में कान्हा टाइगर रिजर्व के कोर जोन में मोबाइल पर पूर्ण प्रतिबंध

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** मध्य प्रदेश के प्रसिद्ध कान्हा टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र स्थित पर्यटन जोन में अब मोबाइल फोन का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है। यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट द्वारा 17 नवंबर 2025 को पारित आदेश के अनुपालन में लिया गया है। आदेश के तहत टाइगर रिजर्व के कोर हैबिटेट के पर्यटन क्षेत्रों में मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए थे। नए नियमों के अनुसार, कोर जोन में भ्रमण के दौरान पर्यटक, गाइड, वाहन चालक, नेचरलिस्ट, होटल संचालक और जिप्सी चालक कोई भी मोबाइल फोन का उपयोग नहीं कर सकेगा। पार्क प्रबंधन का कहना है कि यह फैसला वन्यजीवों के प्राकृतिक व्यवहार और शांति को बनाए रखने के उद्देश्य से लिया गया है। हालांकि इस निर्णय



से पर्यटकों में निराशा देखी जा रही है। कई पर्यटकों का कहना है कि हर किसी के पास महंगे कैमरे नहीं होते और मोबाइल फोन ही उनके लिए फोटो व वीडियो के माध्यम से यादें संजोने का आसान जरिया था। पर्यटकों के अनुसार, कान्हा की यात्रा जीवनभर की याद होती है और मोबाइल के बिना उन पलों को कैद कर पाना मुश्किल हो जाएगा। कान्हा टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के संदर्भ में पीसीसीएफ वाइल्डलाइफ द्वारा आवश्यक निर्देश जारी किए गए थे। इन्हीं निदेर्शों के तहत पार्क के कोर पर्यटन क्षेत्र में मोबाइल फोन पर पूर्ण प्रतिबंध लागू किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आदेश का सख्ती से पालन किया जाएगा और उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।



# वन भूमि पर अवैध निर्माण का आरोप, बिना अनुमति मुक्तिधाम निर्माण से वन एवं वन्यजीवों को नुकसान



**दैनिक रेवांचल टाइम्स,** कोतमा। जिले में वन परिक्षेत्र कोतमा अंतर्गत सकोला बीट की वन भूमि पर बिना विभागीय अनुमति के मुक्तिधाम का निर्माण किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार नगर पालिका परिषद पसान के वार्ड क्रमांक 17 में केवई नदी पुल के नीचे वन विभाग की स्वीकृति के बिना पार्क निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। बताया जाता है कि उक्त क्षेत्र वन विभाग के अधीन है, बावजूद इसके नगर पालिका परिषद द्वारा लगभग 3 लाख रुपये की लागत से मुक्तिधाम का निर्माण कराया जा रहा है। आरोप है कि इस निर्माण कार्य के संबंध में न तो वन विभाग से पूर्व अनुमति ली गई और न ही पर्यावरणीय नियमों का पालन किया गया। इससे वन भूमि को भारी क्षति पहुंच रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस अवैध निर्माण से वन क्षेत्र का प्राकृतिक स्वरूप नष्ट हो रहा है, वहीं दूसरी ओर क्षेत्र में विचरण करने वाले वन्य जीव-जंतु भी प्रभावित हो रहे हैं। निर्माण कार्य के चलते जंगल में शोर, खुदाई और मानव गतिविधियों के बढ़ने से वन्य प्राणियों के प्राकृतिक आवास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। सूत्रों के अनुसार सकोला बीट प्रभारी की जानकारी के बावजूद निर्माण कार्य जारी है, जिससे उच्च अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के कारण यह अवैध निर्माण कार्य बिना रोक-टोक के आगे बढ़ रहा है। इस संबंध में क्षेत्रवासियों एवं पर्यावरण प्रेमियों मिथिलेश कुमार एवं अनिल कुमार ने वन विभाग के उच्च अधिकारियों से अपील की है कि वन भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण कार्य को तत्काल रोका जाए तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो वन संपदा को अपूरणीय क्षति होगी। अब देखना यह होगा कि वन विभाग एवं जिला प्रशासन इस गंभीर मामले में क्या कदम उठाता है और वन भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कब तक ठोस कार्रवाई की जाती है।

# गड्ढेनुमा सड़क पर चलने को मजबूर राहगीर, प्रशासन की अनदेखी से बढ़ा हादसे का खतरा



**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** जिले में कोतमा क्षेत्र अंतर्गत कोल इंडिया की सहायक कंपनी एसईसीएल जमुना कोतमा परियोजना से भालूमाड़ा, दारसागर, आमाडांड सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाली मुख्य सड़क की हालत अत्यंत जर्जर हो चुकी है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बन जाने से राहगीरों, ग्रामीणों एवं वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि राहगीर जान जोखिम में डालकर गड्ढेनुमा सड़क पर चलने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कोल प्रबंधन एवं जिला प्रशासन की लापरवाही के कारण सड़क मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। दिन हो या रात, आवागमन करना बेहद खतरनाक हो चुका है। ग्रामीणों का आरोप है कि किसी भी दिन इस मार्ग पर बड़ी दुर्घटना घट सकती है, लेकिन जिम्मेदार विभाग आंख मूंदे बैठे हैं। नगर पालिका परिषद पसान के वार्ड क्रमांक 15 एवं 16 में निवासरत ग्रामीण जन लंबे समय से सड़क की खराब स्थिति से त्रस्त हैं। धूल, गड्ढों और कीचड़ के कारण किसान वर्ग, मजदूर वर्ग तथा स्थानीय निवासियों का जीवन दुश्वार हो गया है। सड़क से उड़ने वाली कोल डस्ट के कारण लोगों को सांस संबंधी बीमारियों सहित अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का भी सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण निवासी रमेश केवट, हरि चरण शर्मा, भोलेनाथ प्रजापति, ओमप्रकाश सोनी सहित अन्य नागरिकों ने जिला प्रशासन एवं कोल प्रबंधन से मांग की है कि शीघ्र ही सड़क की मरम्मत कराई जाए, ताकि आवागमन सुचारु हो सके। साथ ही कोल डस्ट से राहत दिलाने के लिए नियमित पानी का छिड़काव एवं उचित प्रबंधन किए जाने की भी मांग उठाई गई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई, तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कब तक संज्ञान लेता है और आमजन को राहत दिलाने के लिए क्या ठोस कदम उठाता है।

# दिन में जलती हैं स्ट्रीट लाइट, लाखों का नुकसान, सीएमओ की चुप्पी पर सवाल



**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** नगर परिषद बकहो में स्ट्रीट लाइट व्यवस्था से हो रहा लगातार आर्थिक नुकसान अब प्रशासनिक उदासीनता का बड़ा उदाहरण बनता जा रहा है। जानकारी के अनुसार नगर परिषद बकहो क्षेत्र में लगी 90 वाट की लगभग 200 स्ट्रीट लाइटें सुबह 11:30 बजे तक दिन के उजाले में भी चालू रहती हैं, जिससे परिषद को प्रतिदिन हजारों रुपये का अनावश्यक नुकसान उठाना पड़ रहा है। प्रतिवर्ष अनुमानित नुकसान लगभग ?2.26800/- लाख यह राशि नगर परिषद के विकास कार्यों के बजट से सीधे कटकर बेवजह बिजली बिल में खर्च हो रही है। आधी ड्यूटी, पूरी व्यवस्था लावारिस सूत्रों के अनुसार नगर परिषद बकहो में पदस्थ इलेक्ट्रिशियन जितेंद्र दाहिया नगर परिषद बकहो में सुबह 12.00 बजे तक ड्यूटी पर उपस्थित लगने पहुंचते हैं। इसके बाद स्ट्रीट लाइट नियंत्रण और निगरानी की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं रहती, जिसके चलते दिन में भी लाइटें बंद नहीं हो पातीं। मुख्यालय में निवास न करना, नियमों की अनदेखी नगर परिषद बकहो के कई कर्मचारियों द्वारा–पदस्थ मुख्यालय बकहो में निवास नहीं किया जा रहा है,बल्कि शहडोल से आकर सीमित समय ड्यूटी कर वापस लौटने की बात सामने आ रही है। जबकि मध्यप्रदेश नगर पालिका कर्मचारी सेवा नियम, 1968 के तहत कर्मचारियों का मुख्यालय में रहना अनिवार्य है। लोक सेवक द्वारा जानबूझकर लापरवाही बकहो सीएमओ की निष्क्रियता पर उठ रहे सवाल सबसे अहम सवाल यह है कि इतनी स्पष्ट जानकारी, लिखित शिकायत और आर्थिक नुकसान के बावजूद मुख्य नगर पालिका अधिकारी बकहो द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई क्यों नहीं की गई। न तो–विभागीय जांच शुरू हुई,न जिम्मेदारी तय की गई,न ही आर्थिक नुकसान की रिकवरी का आदेश जारी हुआ। जानकारों का कहना है कि कार्रवाई न करना भी सेवा अपराध की श्रेणी में आता है।अब ऊपर से कार्रवाई की मांग तेज स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों द्वारा मांग की जा रही है कि–जिला कलेक्टर शहडोल इस पूरे मामले की स्वतंत्र जांच कराएं जिम्मेदार कर्मचारी के साथ-साथ कार्रवाई न करने वाले अधिकारियों की भी जवाबदेही तय हो नगर परिषद को हुए नुकसान की रिकवरी सुनिश्चित की जाए।

# नाबालिग बालिका से बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार

**अनूपपुर।** जिले के थाना बिजुरी की पुलिस टीम ने 13 वर्ष की नाबालिका बालिका से बलात्कार करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया। 18 दिसम्बर 2025 को फरियादिया उपस्थित थाना आकर रिपोर्ट लेख कराई कि दिनांक 13 दिसम्बर 2025 को हम लोग घर पर थे, हमारी लडकी जो 13 वर्ष की है, पडोस मे आग तापने गयी थी, जहा आरोपी ने उसे पैसो का लालच देकर घर से दूर ले जाकर उसके साथ बलात्कार किया तथा घर पर किसी को न बताने के लिये बोलते हुए कहा कि यदि किसी को बताया तो जान से खत्म कर दूगा। रिपोर्ट पर थाना बिजुरी मे अपराध क्र 423/25 धारा 64(1), 65(1), 351(3) बीएनएस, 3,4(2) पाक्सो एक्ट का कायम कर अनुसंधान में लिया गया।

# एल डी एम ने की जिला सहकारी बैंक उमरिया के लंबित प्रकरणों की समीक्षा



**उमरिया।** एल डी एम सेवकराम सोनवानी की अध्यक्षता में मत्स्य विभाग एवं पशुपालन विभाग की हितग्राही मूलक योजनाओं के लंबित प्रकरणों के अविलंब स्वीकृति एवं वितरण हेतु बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में लंबित प्रकरणों के स्वीकृति हेतु सकारात्मक सहमति रही । शाखा प्रबंधकों द्वारा हितग्राहियों का बचत खाता खुलवाने में मत्स्य विभाग द्वारा सहयोग करने की बात कही गई। इस अवसर पर सहायक आयुक्त सहकारिता,जिले के समस्त शाखा प्रबंधक जिला सहकारी बैंक उपस्थित रहे।

# सड़क किनारे फैला कचरा, स्कूल जाने वाले बच्चो को हो रही है परेशानी, जिम्मेदार मौन



**अनूपपुर/कोतमा।** कोतमा नगर के वार्ड क्रमांक 2 में शारदा मंदिर के पीछे वर्षों से कचरा नहीं उठाया जा रहा है। यह मार्ग सीधे विवेक शिक्षा निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल तक जाता है, जिससे स्कूल आने-जाने वाले बच्चों को गंदगी और कचरे की बदबू से परेशानी हो रही है। निवासी और अभिभावक बताते हैं कि जमी हुई गंदगी और कचरे की बदबू के कारण बच्चों को मार्ग पार करने में कठिनाई हो रही है। उनका कहना है कि मार्ग की सफाई नियमित नहीं होने के कारण बच्चों और राहगीरों की सेहत प्रभावित हो रही है। उन्होंने नगर प्रशासन से आग्रह किया है कि इस क्षेत्र की सफाई तुरंत सुनिश्चित की जाए। स्थानीय नागरिक और अभिभावक प्रशासन की पहल का स्वागत कर रहे हैं। उनका कहना है कि यदि नियमित सफाई और निगरानी सुनिश्चित की जाए तो विवेक शिक्षा निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए मार्ग सुरक्षित और स्वच्छ बनेगा। लोग उम्मीद जताते हैं कि नगर में सफाई और सुरक्षा को लेकर सतत प्रयास जारी रहेंगे। नगरपालिका के अधिकारी ने कहा कि हमें आपके द्वारा इस विषय पर जानकारी प्राप्त हुई है। इस मार्ग की सफाई और संबंधित कार्य तुरंत कराया जाएगा। नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा है ताकि बच्चों और राहगीरों के लिए मार्ग सुरक्षित और स्वच्छ बने। यह कार्य हमारी प्राथमिकता है और हम इसकी निगरानी नियमित रूप से करेंगे।

# नगर परिषद बकहो में सिविलियन कर्मचारियों का भुगतान विवाद में, काम के बिना भुगतान का सवाल




**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** नगर परिषद बकहो में सिविलियन कर्मचारियों के बिना काम किए भुगतान का मामला अब गंभीर वित्तीय और प्रशासनिक विवाद में बदल गया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार कर्मचारी केवल हाजिरी लगाते हैं, वास्तविक कार्य पूरी तरह अनुपस्थित रहते हैं भुगतान सिर्फ हाजिरी के आधार पर किया जा रहा है कौन-सा काम कराया जा रहा है, इसका कोई GPS / फोटो / वीडियो प्रमाण नहीं है कौन-से फंड से भुगतान हो रहा है, यह भी अस्पष्ट है। इस कारण नगर परिषद का आर्थिक फंड अनियमित रूप से खर्च हो रहा है, जबकि वास्तविक नागरिक सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। कर्मचारी सुबह हाजिरी लगाकर अर्ध-दिवसीय या लापरवाह ड्यूटी करते हैं बाद में रफू-चक्कर, कार्यालय में अनुपस्थित रहते हैं इसके बावजूद नगर पालिका द्वारा मासिक भुगतान किया जाता है काम का कोई प्रमाण जैसे GPS लोकेशन, फोटो या वीडियो उपलब्ध नहीं। भुगतान केवल नगर परिषद के सामान्य या योजना फंड से हो रहा है यह स्थिति लोक धन के दुरुपयोग की ओर इशारा करती है। स्थानीय स्तर पर यह भी चिंता का विषय है कि–मुख्य नगर पालिका अधिकारी (CMO) साक्ष्य और शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं कर रही हैं। यदि ऐसा चलता रहा, तो सीधे लोक धन का दुरुपयोग और नियमों का उल्लंघन माना जाएगा इस कारण जिला कलेक्टर, संभागायुक्त और नगरीय प्रशासन विभाग भोपाल तक हस्तक्षेप की मांग उठ रही है। अब क्या कदम उठाए जा सकते हैं अगर शहडोल जिला प्रशासन शिकायतो पर दोषी कर्मचारियों और प्रशासनिक अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई। भुगतान की रिकवरी और रोकथाम सुनिश्चित करना अगर जिम्मेदारों ने कार्यवाही नहीं की तो लोकहित के लिए हमारे क्षेत्र के आर्थिक क्षति को लेकर के आवश्यकता पड़ने पर हाईकोर्ट में जनहित याचिका (PIL) दायर किया जायेगा।

# अधूरे पुल पर चढ़ी कार हुई क्षतिग्रस्त, बाल बाल बचे लोग, कोहरे के कारण हुआ हादसा



**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल। जिले में इन दिनों कड़ाके की ठंड के साथ घना कोहरा जनजीवन और यातायात दोनों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है। रात और सुबह के समय कोहरे की सफेद चादर सड़कों पर छा जाती है, जिससे दृश्यता बेहद कम हो जाती है। इसी कोहरे के चलते उमरियाझ्रअनूपपुर नेशनल हाईवे 43 पर एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। घटना सोहागपुर थाना क्षेत्र के ठीक सामने निमार्णाधीन अधूरे पुल की है। बताया जा रहा है कि कोहरे की वजह से सड़क ठीक से दिखाई नहीं दी और तेज रफ्तार कार सीधे अधूरे पुल पर चढ़ गई। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि कार सवार लोगों को मामूली चोटें आई हैं।**

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पुल कई वर्षों से निमार्णाधीन है, लेकिन अब तक पूरा नहीं हो सका है। हाईवे से पुल की ओर जाने के लिए मिट्टी की पिचिंग कर दी गई है, जिससे हाईवे और पुल की सड़क का लेवल लगभग एक जैसा हो गया है। इसी कारण वाहन चालक भ्रमित हो जाते हैं और आए दिन हादसे हो रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि निर्माण एजेंसी की ओर से न तो कोई सूचना पटल लगाया गया है और न ही चेतावनी के लिए सांकेतिक बोर्ड। स्थानीय निवासी निलेश कुशवाहा ने बताया कि इस अधूरे पुल के आसपास पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें लोगों की जान तक जा चुकी है। इस समस्या को लेकर सीएम हेल्पलाइन और जिला प्रशासन में कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। वाहन मालिक अब्दुल हुसैन ने बताया कि वह रात में महेंद्रगढ़ से दियापीपर जा रहे थे। घने कोहरे के कारण उन्हें सड़क का अंदाजा नहीं लग पाया और पुल व हाईवे के बीच कोई स्पष्ट संकेत नहीं होने से कार सीधे पुल पर चढ़ गई।

# बफर क्षेत्र के जंगल में गश्त के दौरान सुरक्षा श्रमिक पर बाघ ने किया हमला, आई गंभीर चोट



**दैनिक रेवांचल टाइम्स उमरिया।** जिले के मानपुर बफर परिक्षेत्र में जंगल गश्त के दौरान एक सुरक्षा श्रमिक पर बाघ ने हमला कर दिया। इस हमले में डोभा गांव निवासी दयाराम बैगा (48) गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना गुरुवाही बीट के पीएफ 612 अंतर्गत राजस्व क्षेत्र बोदवाह में हुई। बाघ के हमले से दयाराम बैगा के सिर, आंख और बाएं हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घायल श्रमिक को मानपुर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए, बेहतर इलाज के लिए उन्हें जबलपुर रेफर कर दिया गया है। मानपुर बफर परिक्षेत्र के अधिकारी मुकेश अहिरवार ने बताया कि घायल श्रमिक के साथ वन विभाग की टीम लगातार संपर्क में है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह क्षेत्र कोर जोन से सटा हुआ है, जहां बाघों की आवाजाही सामान्य है। इस घटना के बाद क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और गश्त भी बढ़ा दी गई है। वन विभाग ने आसपास के ग्रामीणों और जंगल में काम करने वाले श्रमिकों से सतर्क रहने की अपील की है। विभाग द्वारा क्षेत्र में बाघ की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

# आदिवासी गाँवों की त्रासदी भरी दास्तान

# आजादी के 78 वर्ष बाद भी बिजली के नहीं हुए दर्शन, उजाले के नाम पर कैरोसीन भी छीना

**दैनिक रेवांचल टाइम्स उमरिया। जिले में अब भी दर्जनों गाँव ऐसे है, जहाँ पर अभी भी मूलभूत सुविधाएं गरीब आदिवासियों के लिए मृगतृष्णा बनी हुई है। देश आजाद होकर आठवे दशक में प्रवेश कर रहा है, परन्तु आदिवासियों की बुनियादी समस्याओं का पहाड़ वैसे ही खडा है। अभी भी जिला के दूर दराज क्षेत्रों में बिजली जैसी बुनियादी जरूरत की पहुंच न होने के कारण लोगों का जीवन उन्नीसवीं सदी में जीने के लिए मजबूर है।**



ऐसे गाँवों में आदिवासी विकास खंड के बाघन्नारा,गांधी ग्राम, चिनकी और सास जैसे वनांचल के गाँव आज अंधेरे में जीवन यापन कर रहे हैं। इन गांवो के लोग रात में अंधकार से निपटने के लिए रोशनी के लिए एक मोमबत्ती का सहारा लेते हैं। देश की सरकारें यह मानकर की पूरे देश में अंधकार से निपटने के कारगर बिजली आपूर्ति हो गयी है और अब कैरोसीन की आवश्यकता नहीं है, यह मानकर गरीब आदिवासियों को मिलने वाली शासकीय उचित मूल्य दूकानों से कैरोसीन की सुविधा भी छीन ली गई है। मामला जिले के आदिवासी विकास खंड क्षेत्र के पाली जनपद के ग्राम सांस का है। यहां आजादी के बाद अब भी बुनियादी सुविधाओं का टोटा है। पाली के इस सांस गाँव मे में तकरीबन 70 बैगा जाति के लोग निवास करते है। लगभग 100 से 200 की आबादी वाले इस गांव में रहते हैं जहाँ माध्यमिक तक एक विद्यालय भी है। आजादी के 78 साल बाद भी गांव की सूरत नहीं बदल सकी है।

गांव में विद्युतीकरण नहीं हो सका है। कई वर्ष पहले गांव में बिजली के खम्भे खड़े कर तार दौड़ा दी गयी, लेकिन अभी तक तार गाँव मे रोशनी की किरणें गाँव तक नहीं पहुंच सकी। प्रशासनिक अमले के साथ इस क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने भी इनके भविष्य के साथ खूब खिलवाड़ किया इनके द्वारा वोट के बदले सिर्फ आश्वसान की घुट्टी ही मिली। गांव के लोग कहते हैं कि बिजली न होने से रात में जंगली जानवरों का भय बना रहता है। लोगों को रात में उजाले के लिए सौर ऊर्जा व मोमबत्ती का सहारा लेना पड़ता है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने देश के हर घर तक बिजली पहुंचाने के लिए सहज बिजली हर घर योजना (सौभाग्य) लांच की थी, जिसके तहत घर घर बिजली देने का प्लान बनाया, लेकिन दिल्ली और भोपाल में बनी ये योजनाए सायद यहां पहुच ही नहीं पाई। उमरिया जिले के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के बिरसिंहपुर पाली जनपद के कठई पंचायत के सांस गाँव व चांदपुर पंचायत के बाघन्नारा जहाँ बैगा जाति की बस्ती है जहां सांस गाँव मे लगभग 200 परिवार तो बाघन्नारा में लगभग 500 परिवार बैगा जाति के लोग निवाश करते लेकिन आज तक इस सांस गाँव मे उजाला को देखने के लिए कई वर्ष गुजर गए वन विभाग के जंगलों में खंभे लग गए तार भी दौड़ दिए लेकिन आज 5 से 6 वर्ष बीतने जा रहा तार में करेण्ट कब आएगा कोई बताने वाला नही है।

## संपादकीय

### सस्ती कनेक्टिविटी का पैकेज

महंगी कनेक्टिविटी के कारण हिमाचल अपनी पर्यटन क्षमता का दोहन नहीं कर पा रहा है। प्रमुख पर्यटक स्थलों के फासले इतने बढ़ जाते हैं कि युवा पर्यटक अंतरराष्ट्रीय नक्शे पर सस्ती कनेक्टिविटी से जुड़े अंतरराष्ट्रीय डेस्टिनेशन खोज लेता है। अब पर्यटक स्थल का सबसे अहम पैकेज उसकी सस्ती कनेक्टिविटी, स्थानीय यात्रा सेवाएं, फूड, सुकून तथा स्टे के आधार पर निर्भर करती हैं। बेशक हिमाचल में निजी क्षेत्र की दौड़ ने पर्यटन सुविधाओं की मंडी सजा ली है, जहां महंगे-सस्ते या बजट ऑफर उपलब्ध हैं। सुकून की वादियां अब मुख्य धारा के पर्यटक को नित नई घाटियों, दुर्गम क्षेत्रों और सुकून से भरे ग्रामीण या कबाइली परिवेश में ले जा रही हैं। यानी कि पर्यटन के अंदरूनी छोर तो बढ़ गए, लेकिन आवाजाही के खर्च कम नहीं हुए। देश-विदेश से अगर सैलानी बुलाने हैं, तो हिमाचल के कनेक्टिंग डेस्टिनेशन चिन्हित होने चाहिएं। अभी ट्रेन की मंजिलें अंब-अंदौरा, कालका या पठानकोट में आकर अवरुद्ध हो जाती हैं। कुल्लू और शिमला एयरपोर्ट की फ्लाइट्स सीजन और लागत के हिसाब से फ्रीज हो जाती हैं। कांगड़ा एयरपोर्ट संभावनाओं के बड़े अक्स में अभी तक खचीर्ला विकल्प है। ऐसे में टूरिज्म विभाग के प्रधान सचिव देवेश कुमार की कोशिश से अगर शिमला-कुल्लू हवाई अड्डों पर एलायंस एयर लाइन के पंख खुलते हैं, तो ये कनेक्टिविटी के सफल आयाम हो सकते हैं। शिमला के प्रवेश द्वार से धर्मशाला और कुल्लू की नियमित उड़ानों का संघर्ष वायविलिटी गैप फंडिंग में फंसा है। सरकार अपनी ओर से ग्यारह करोड़ के नुकसान की भरपाई कर रही है, लेकिन एलायंस एयरलाइंस की मांग भी उड़ान पर है यानी ग्यारह से बढ़ाकर 20 करोड़ की फंडिंग से ही जहाज नियमित रूप से उड़ेंगे। हमें याद है कि चपलवालों को हवाई सेवाओं से गंतव्य तक पहुंचाने का राष्ट्रीय वादा मोदी जी ने शिमला की उड़ान शुरू करके किया था, लेकिन यही सफर हिमाचल के पांव में कांटा बन कर चुभने लगा है। हम पूर्वोत्तर राज्यों की तर्ज पर ऐसी कनेक्टिविटी से महरूम हो रहे हैं। हिमाचल में कनेक्टिविटी के लिहाज से कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार पर केंद्र सहयोग करे, तो यह क्षेत्रीय हवाई सेवाओं के विस्तार में भी अहम भूमिका प्रदान करेगा। दूसरी ओर अंब-अंदौरा तक पहुंची ट्रेन को ज्वालाजी, कांगड़ा और मंडी तक पहुंचाने का खाका बने, तो पर्यटन की मंजिलें चारों तरफ दिखाई देंगी। हिमाचल में सडक परिवहन की अपनी दिक्कतें हैं, फिर भी फोरलेन मार्ग अगर रूपांतरित होते हैं, तो प्रदेश में आर्थिकी के चक्के भी घूमेंगे। भविष्य की संभावित कनेक्टिविटी को देखते हुए हिमाचल की पर्यटन परियोजनाओं को सैलानियों के लिए सस्ती परिवहन सेवाओं से जोड?ा होगा। प्रमुख पर्यटक स्थलों पर साइट सीइंग के संघर्ष में टैक्सी सेवाएं महंगी व असहज करती हैं। स्थानीय और प्रादेशिक स्तर पर ऑनलाइन बुकिंग का ऐसा खाका बनाना होगा ताकि पर्यटक व आम नागरिक की आवाजाही सस्ती दरों पर हो। ओला-ऊबर जैसी सेवाओं की प्रतीक्षा का उत्तर सरकार को खोजना होगा। इलेक्ट्रिक वाहनों विशेष कर टैक्सी परमिट में सरकार ने युवाओं को विशेष सबसिडी प्रदान की है। इस प्रयोग को सफल बनाने का मॉडल सस्ती इलेक्ट्रिक टैक्सी सेवा से जोड?ा होगा। किसी एक पर्यटक स्थल की तमाम टैक्सियों को इलेक्ट्रिक में बदल कर परिवहन और साइट सीइंग की दरें इस स्थिति में ला दें कि लोग निजी वाहनों का इस्तेमाल ही छोड़ दें। इलेक्ट्रिक परिवहन के सारे विकल्पों का इस्तेमाल करके हिमाचल पर्यटकों को यह आश्वासन दे सकता है कि विदेश के मुकाबले कितना सहज, सरल व सस्ता है हिमाचल का पैकेज।

# बेहतर प्रदर्शन से विधानसभा चुनावों में खुलेगी राह!

**राज्य में बीजेपी की कमान राजीव चंद्रशेखर के हाथ है। केरल में हुए स्थानीय निकाय चुनावों के लिए उनकी अगुआई में पार्टी ने जमकर पसीना बहाया। इसका नतीजा राजधानी तिरुअनंतपुरम् नगर निगम पर पार्टी का तकरीबन कब्जे के रूप में सामने आया है। तिरुअनंतपुरम् नगर निगम में 101 वार्ड हैं, जिनमें से 50 पर पार्टी के पार्षद जीते हैं। केंद्रीय सत्ता पर ग्यारह वर्षों से लगातार काबिज भारतीय जनता पार्टी के लिए दक्षिण भारत के चार राज्य प्रश्न प्रदेश रहे हैं। कर्नाटक में उसकी सत्ता आती–जाती रही है। आंध्र प्रदेश में अकेलेदम उसके सांसद और विधायक जीतते भी रहे हैं। तमिलनाडु में डीएमके और अन्नाद्रमुक के साथ दो बार चार सांसद लोकसभा पहुंचाने में भी कामयाब रही। लेकिन उसके लिए सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण केरल रहा है। लेकिन लगता है कि अब दक्षिण के इस दुर्ग में भी अहम सेंध लगाने में राष्ट्रवादी पार्टी कामयाब हो चुकी है। वामपंथ के गढ़ राज्य की राजधानी तिरुअनंतपुरम् नगर निगम पर कब्जे के साथ भाजपा ने ना सिर्फ इतिहास रच दिया है, बल्कि खुद की उम्मीदें भी बढ़ा दी हैं।**



सुरम्य वादियों और साफ-सफ्फाक समुद्री तटों के साथ हरियाली के चलते केरल को भगवान का अपना देश भी कहा जाता है। इस केरल की 54 प्रतिशत जनसंख्या हिंदू है, जबकि करीब साढ़े फीसद आबादी मुसलमान है। बाकी करीब 19 प्रतिशत ईसाई हैं। भगवान के अपने देश और जनसांख्यिकी आंकड़ों के लिहाज से केरल भारतीय जनता पार्टी के लिए मुफीद भूमि रहा है। लेकिन यहां भारतीय जनता पार्टी अब तक बड़ी करामात नहीं दिखा पाई है। बेशकर राष्ट्रीयय स्वयंसेवक संघ यहां काफी सक्रिय है। फिर भी यहां की राजनीति दो ध्रुवीय रही है। एक तरह मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी-सीपीएम की अगुआई वाला वाम लोकतांत्रिक मोर्चा है तो दूसरी तरफ कांग्रेस की अगुआई वाला संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा। भाजपा यहां तीसरा कोण बनाने की कोशिश अरसे से करती रही है। लेकिन उसे पहली बार सफलता साल 2016 के विधानसभा चुनावों में मिली। तब पार्टी के वरिष्ठ नेता ओ राजगोपाल तिरुअनंतपुरम् सीट से चुने गए। तब पार्टी को करीब दस फीसद वोट मिला, लेकिन अगले यानी 2021 के चुनावों में पार्टी को मायूसी हाथ लगी। लेकिन वोट बढ़कर करीब बारह फीसद हो गए। 2024 के लोकसभा चुनावों में पार्टी की उम्मीद जगी, जब लोकप्रिय मलयाली अभिनेता सुरेश गोपी त्रिशूर सीट से पार्टी के टिकट पर विजयी हुए। गोपी इन दिनों केंद्र सरकार में राज्य मंत्री का दायित्व निभा रहे हैं। बेशक पार्टी को केरल में लोकसभा चुनाव में सिर्फ एक सीट मिली, लेकिन पार्टी की वोट हिस्सेदारी बढ़कर 16 हो गई। लोकतांत्रिक राजनीति में सोलह प्रतिशत वोट मामूली बात नहीं होती। कह सकते हैं कि इसके बाद ही पार्टी की उम्मीदों को परवान चढ़ना शुरू हुआ।

राज्य में बीजेपी की कमान राजीव चंद्रशेखर के हाथ है। केरल में हुए स्थानीय निकाय चुनावों के लिए उनकी अगुआई में पार्टी ने जमकर पसीना बहाया। इसका नतीजा राजधानी तिरुअनंतपुरम् नगर निगम पर पार्टी का तकरीबन कब्जे के रूप में सामने आया है। तिरुअनंतपुरम् नगर निगम में 101 वार्ड हैं, जिनमें से 50 पर पार्टी के पार्षद जीते हैं। पैंतालिस सालों से इस निगम पर जिस वाममोर्चे का कब्जा रहा, उसे महज 29 सीटें मिलीं हैं, जबकि कांग्रेस की अगुआई वाले मोर्चे को 19 सीटें मिली हैं। बाकी दो सीटों पर निर्दलीयों ने बाजी मारी है। केरल की राजनीति की जिसे समझ है, उन्हें पता है कि यहां वाममोर्चा और कांग्रेस साथ नहीं आ सकते। ऐसे में निर्दलीयों के समर्थन से बीजेपी का मेयर चुना जाना तकरीबन तय है। पार्टी ने कोझिकोड और कन्नूर जैसे वामपंथी गढ़ों में भी सेंध लगाने में कामयाब हुई है। यहां पार्टी ने क्रमशः 13 और 4 सीटें जीतीं हैं। पिछली बार पलक्कड़ नगर पालिका पर उसका कब्जा हुआ था और उस पर उसने अपना नियंत्रण बरकरार रखा है। साथ ही उसने त्रिपुनिथुरा नगर पालिका को भी वाममोर्चे से छीन लिया है। हालांकि पिछली बार जीती पंडालम नगर पालिका को वाममोर्चा ने उससे छीन लिया है। बीजेपी को इस बार कुल पंद्रह फीसद से ज्यादा मत मिले हैं, जबकि उसके साथी दलों का मत प्रतिशत मिला दिया जाए तो राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को बीस फीसद वोट हासिल हुआ है। राज्य में 941 ग्राम पंचायतें हैं, जिनमें से पिछली पार पार्टी को 19 पर जीत मिली थी, इस बार पार्टी ने इसमें सात सीटों पर बढ़त मिली है।

राज्य में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। विधानसभा चुनावों के ठीक पहले राज्य के स्थानीय निकाय चुनावों के नतीजों ने पार्टी को भारी जीत भले ही न दिलाई हो, लेकिन उत्साहजनक जरूर हैं। ये नतीजे पार्टी के लिए आने वाले दिनों की सफलताओं की बुनियाद हो सकते हैं। हालांकि कांग्रेस समर्थकों की ओर से तिरुअनंतपुरम् की जीत के लिए बीजेपी की बजाय कांग्रेस के नाराज चल रहे सांसद शशि थरूर को दिया जा रहा है। सोशल मीडिया पर तो इसे शशि थरूर की बीजेपी की कृपा भी बताया जा रहा है। हो सकता है कि शशि थरूर की कांग्रेस नेतृत्व से मायूसी के संदेश ने बीजेपी के पक्ष में माहौल बनाने की मदद की हो, लेकिन सवाल यह भी उठता है कि आखिर शशि थरूर को मनाने की कोशिश क्यों नहीं हुई। वैसे जीत के चाहे जो भी कारण रहे हों, अंततः सम्मान विजेता का ही होता है। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल तो बीजेपी पर तंज भी कस रहे हैं। इस तंज में कांग्रेस की खीझ देखी जा रही है। माना जा रहा है कि बीजेपी की बढ़त से कांग्रेस की चिंता बढ़ रही है।

केरल के मौजूदा स्थानीय निकाय चुनाव नतीजों के दो स्पष्ट संकेत हैं। पहला यह है कि नगरीय इलाकों में दबदबा रखने वाले वाममोर्चे के दुर्ग में बीजेपी ने सेंध लगा दी है। दूसरा संदेश यह है कि ग्रामीण इलाकों में कांग्रेस की अगुआई वाले मोर्चे ने अपना दबदबा बढ़ा दिया है। वैसे भी राज्य के ग्रामीण इलाकों में कांग्रेस का पहले से ही ज्यादा असर रहा है, जबकि शहरी इलाकों में सीपीएम की अगुआई वाले मोर्चे का। केरल के ग्रामीण और शहरी इलाके को देश के दूसरे हिस्सों की तरह कम पढ़ी-लिखी और पढ़ी-लिखी आबादी के आधार पर नहीं बांट सकते। केरल में शत-प्रतिशत साक्षरता है। इसका मतलब यह है कि वहां ग्रामीण और शहरी आबादी में पढ़ाई को लेकर कोई अंतर नहीं है। फिर भी राजनीतिक समर्थक आधार को लेकर दोनों आबादी की सोच में अंतर रहा है। इसके बुनियादी कारणों में से एक कारण शहरी स्वशासन भी रहा होगा। शहरी आबादी प्रगतिशील सोच वाली रही होगी, लेकिन जिस तरह शहरों में बीजेपी ने सेंध लगाई है, उससे साफ है कि प्रगतिशील सोच वाले वर्ग में उसकी पैठ बढ़ रही है। ऐसे में बीजेपी के विस्तार से बड़ी चिंता कांग्रेस की बजाय वाममोर्चे की होनी चाहिए। वैसे भी बीजेपी के पूरे विकास को देखें तो जहां समाजवादी विचारधारा वाली पार्टियां रहीं हैं, वहां बीजेपी ने उनके ही आधार वोट बैंक पर कब्जा किया है। मध्य प्रदेश, उड़ीसा, दिल्ली, राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, हरियाणा जैसे राज्यों में बीजेपी ने समाजवादी आधार वोट बैंक को खत्म कर दिया है। लेकिन इन राज्यों में उसकी बड़ी विरोधी कांग्रेस ही है। इस लिहाज से कह सकते हैं कि केरल में भी भाजपा के विस्तार की कीमत वाममोर्चे का वजूद हो सकता है।

अगले विधानसभा चुनावों में केरल में भाजपा भले ही बड़ी जीत ना हासिल कर सके, लेकिन वह महत्वपूर्ण उपस्थिति जरूर दर्ज कराएगी। इसका संकेत केरल के लोगों ने स्थानीय निकाय चुनावों में दे दिया है। बीजेपी इस बीच अगर नामदार चेहरे को अपने पाले में खींचने में कामयाब रहती है तो हो सकता है कि नतीजे और भी ज्यादा चौंकाऊ हों। निकाय चुनावों में चौंकाऊ कामयाबी ने भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ा दिया है। कार्यकर्ता अगर उत्साह में रहते हैं तो अपने पक्ष में मतदाताओं को मोड़ने की ज्यादा दम लगाकर कोशिश करते हैं। इसका असर मतदान केंद्र पर पहुंचे उन मतदाताओं का मन अपने पक्ष में बदलने में दिखता है, जो आखिरी क्षणों तक किसी खास दल या उम्मीदवार के पक्ष में अपना मन नहीं बना पाए होते हैं। जिन्हें चुनाव विज्ञान की शब्दावली में फ्लोटिंग वोटर कहा जाता है। कई बार ये बदलाव एक सौ अस्सी डिग्री का होता है। 2014 के लोकसभा चुनावों में उत्तर प्रदेश में मिली बीजेपी की बड़ी जीत इसका उदाहरण है। तो क्या केरल में बीजेपी भी उसी राह पर चल पड़ी है? इसका जवाब हां में है। विधानसभा चुनावों में नतीजे कैसे होंगे, यह तब देखने की बात होगी।

## राशिफल

मेष राशि :- हर्ष यात्रा, राज सुख, सफलता, हानि गृह कलह तथा मानसिक अशांति काल रहेगा।

वृष राशि :- विरोध व्यय, कष्ट अशांति तथा शिक्षा तथा लेखन कार्य में सफलता प्राप्ति का योग है।

मिथुन राशि :- व्यापार में गति, यात्रा विवाद, उद्योग व्यापार की स्थिति कभी हानि कभी लाभ प्राप्त होवे।

कर्क राशि :- शरीर मध्यम, भूमि व राज भय, लाभ सफलता का दिन साबित होगा, रुके कार्य बनेंगे।

सिंह राशि :- वाहन भय, राज सुख, यात्रा होवे, शुभ कार्य में व्यवधान होगा, ध्यान रखे।

कन्या राशि :- व्यय प्रवास, विरोध हानि, लाभ होवे राज कार्य में व्यवस्था के बाद लाभ होगा।

तुला राशि :- रोग भय, सुख, यात्रा व्यापार में सुधार होगा, रुके कार्य अवश्य बन जाएंगे।

वृश्चिक राशि :- कार्य सिद्ध, लाभ विरोध, भूमि लाभ राज व शासकीय कार्य में व्यवस्था बनी रहेगी।


धनु राशि :- लाभ धर्म में रुचि, यश, हर्ष, यात्रा, शिक्षा जगत की स्थिति सामान्य बनी रहेगी।

मकर राशि :- विरोध, व्यापार में हानि, शरीर कष्ट, धार्मिक खर्च होगा, रुके कार्य बन जाएंगे।

कुंभ राशि :- लाभ, हानि, व्यय, प्रभाव रोग, भय, विरोधी असफल होने, सजग रहे।

मीन राशि :- राजभय, मान भय, चोर भय, राजकार्य में विलंब, परेशानी, तकरार विरोध होगा।

# क्रिसमस को यादगार सेलिब्रेट करने के लिए घूम के आएं दिल्ली के इन 5 शानदार चर्च मे



**अगर दिल्ली में रहते हैं, दिल्ली के सबसे बेस्ट चर्च में जा सकते हैं। क्रिसमस त्योहार काफी धूमधाम से मनाया जाता है। क्रिसमस खासतौर पर केक, फ्रूट केक, स्वादिष्ट फूड और क्रिसमस सजावट के लिए जाना जाता है। आइए आपको इस लेख के जरिए बताते है दिल्ली के 5 फेमस जगह जहां आप क्रिसमस सेलिब्रेट कर सकते है।**

दिसंबर का महीना अभी शुरू ही हुआ है ऐसे में क्रिसमस फेस्टिवल भी नजदीक आ रहा है। ऐसे में दिल्लीवासियों ने भी क्रिसमस की तैयारी शुरू कर दी है। भारत में सभी त्योहारों में से क्रिसमस भी बहुत खास है। क्रिसमस त्यौहार भी काफी धूमधाम से मनाया जाता है जैसे देश में दिवाली, ईद और अन्य त्योहारों को मनाया जाता है। क्रिसमस के दौरान दिल्ली में काफी रौनक देखने को मिलती है, हर जगह सुंदर क्रिसमस की डेकोरेशन, फेयरी लाइट्स से सजे हुए चर्च और रंग-बिरंगे सजे हुए क्रिसमस ट्री। दिल्ली वाले क्रिसमस त्योहार को बड़े ही शानदार तरीके से मनाते हैं। ऐसे में आप अगर दिल्ली में रहते हैं, दिल्ली के सबसे बेस्ट चर्च में जा सकते हैं। क्रिसमस त्योहार काफी धूमधाम से मनाया जाता है। क्रिसमस खासतौर पर केक, फ्रूट केक, स्वादिष्ट फूड और क्रिसमस सजावट के लिए जाना जाता है। आइए आपको इस लेख के जरिए बताते है दिल्ली के 5 फेमस जगह जहां आप क्रिसमस सेलिब्रेट कर सकते है।

### सेक्रेड हार्ट कैथेड्रल

सेक्रेड हार्ट कैथेड्रल चर्च दिल्ली का सबसे पुराना और बहुत ही खूबसूरत चर्चों में से एक है। क्रिसमस पर इस जगह पर जाना सबसे बेस्ट है क्योंकि इस दिन यहां पर फेयरी लाइट्स, कलरफुल रिबन और स्टार लाइट्स से चर्च को सजाया जाता है। क्रिसमस के दिन यहां पर लाखों लोग आते हैं और क्रिसमस को सेलिब्रेट करते है। यहां पर देर रात का सिंगिंग, प्रेयर सिंगिंग और फूड आइटम्स खाने को मिलता हैं साथ ही में प्रसाद के तौर पर वाइन भी दी जाती हैं। इसके साथ ही रात को सभी लोगों को केक भी दिया जाता हैं। इस चर्च में आकर्षक का केंद्र हैं प्रभु यशु की झांकी।

### सेंट अलफोंसा चर्च

सेंट अलफोंसा चर्च सबसे खूबसूरत चर्च में शुमार है। इस चर्च की खास बात है इसमें मौजूद ग्रीनरी। इस जगह की सबसे खास बात कि इसका इंटीरियर है जो कि वुडेन से बना हुआ है। सेंट अलफोंसा चर्च की खास बात ये है कि, इसकी खूबसूरत नकाशी को देखकर इस चर्च को काफी पसंद किया जा रहा है। क्रिसमस के दिन यहां पर सुन्दर लाइट्स के जरिए सजाया जाता है। सुन्दर सजावट और क्रिसमस त्योहार पर इस चर्च में एक अलग ही वाइब्स होती है। ये चर्च दिल्ली के वसंत कुंज में स्थित है।

### कैथेड्रल चर्च ऑफ रिडेम्पशन

कैथेड्रल चर्च ऑफ रिडेम्पशन चर्च, वाइसराय चर्च के नाम से भी जाना जाता है। यह 80 एकड़ में फैला हुआ है। इस चर्च की वास्तुकला ढांचा बहुत ही खूबसूरत है। इंटीरियर से लेकर एक्सटेरियर बहुत ही खूबसूरत बना हुआ है। क्रिसमस के मौके पर यहां बहुत ही सुन्दर सजावट की जाती है। चमकीली रिबन और स्टार लाइट्स से बखूबी सजाया जाता है। क्रिसमस की रात को यहां पर बहुत खूबसूरत लगता है और इस दिन को आप कभी भूल नहीं सकते। यह चर्च दिल्ली के ठङ्ग१३ँ अ५ि नई दिल्ली में मौजूद है।

### सेंट जेम्स चर्च

सेंट जेम्स चर्च दिल्ली का जाना-माना है। यह चर्च कश्मीरी गेट के नजदीक है। इसमें गोल्डन-येलो ढांचा का सबसे लंबा और खूबसूरत है। आपको बता दें कि, चर्च कर्नल जेम्स स्किनर ने सन् 1836 में बनवाया था। इसी वजह से ये चर्च स्किनर चर्च के नाम से भी जाना जाता है। बता दे, ये दिल्ली का 'फर्स्ट एवर चर्च' है। क्रिसमस के दिन यहां का नजारा बहुत ही खूबसूरत होता है। इस दिन यहां पर लाखों लोगों की भीड़ इकठ्ठा होती है। चर्च की सजावट काफी सुन्दर होती है। इस दिन यहां की सजावट ही मुख्य केंद्र होती है। यह चर्च स्थित है कश्मीरी गेट के पास।

### सेंट मैरी चर्च

सेंट मैरी चर्च भी क्रिसमस के मौके पर जाने के लिए सबसे बेस्ट प्लेस है। यह दिल्ली की सबसे पुरानी चर्च में से एक है, यह पुरानी दिल्ली के चांदनी चौक में मौजूद है । इससे ढांचें को देखकर आप भी मोहित हो जाएंगे, खूबसूरत इंटीरियर से बनी ये चर्च लोगों का दिल जीत रही है। क्रिसमस के दिन यहां बहुत ही सुन्दर सजावट होती है। क्रिसमस के दिन यहां पर आप जा कर बहुत ही एन्जॉय करेंगे। ये चर्च दिल्ली के मुखर्जी मार्ग पर चांदनी चौक में मौजूद है।

## 60 करोड़ के धोखाधड़ी मामले में मुझे फंसाया गया, कंपनी से मेरा कोई नाता नहीं



बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने कथित 60 करोड़ रुपए के धोखाधड़ी मामले में चल रही जांच पर अपनी चुप्पी तोड़ते हुए दावा किया कि उन्हें गलत तरीके से फंसाया गया है। अभिनेत्री स्पष्ट किया कि संबंधित कंपनी के साथ उनका जुड़ाव सीमित था और वह किसी भी तरह की संचालन संबंधी भूमिका में शामिल नहीं थीं। उन्होंने एक बयान में कहा कि इस मामले से मेरा नाम जोड? की निराधार कोशिश से मैं बेहद आहत हूं। कंपनी के साथ मेरा जुड़ाव पूरी तरह गैर-कार्यकारी स्तर तक सीमित था और उसके संचालन, वित्त, निर्णय-प्रक्रिया या किसी भी प्रकार के हस्ताक्षर अधिकार में मेरी कोई भूमिका नहीं थी। वास्तव में, अन्य कई सार्वजनिक हस्तियों की तरह मैंने होम शॉपिंग चैनल के लिए कुछ उत्पादों का पेशेवर तौर पर प्रचार किया था, जिसके बदले मुझे किया जाना वाला भुगतान अब भी लंबित है। सुश्री शेट्टी ने यह भी कहा कि मैं रिकॉर्ड पर यह स्पष्ट करना चाहती हूं कि हमारे परिवार की ओर से कंपनी को लगभग 20 करोड़ रुपए का ऋण दिया गया था, जो अब तक वापस नहीं किया गया है। लगभग नौ वर्षों की बिना किसी स्पष्ट वजह की देरी के बाद मुझ पर आपराधिक जिम्मेदारी थोपने की शरारतपूर्ण कोशिश कानूनी रूप से टिकाऊ नहीं है और स्थापित कानूनी सिद्धांतों के भी खिलाफ है। अभिनेत्री ने कार्यवाही में बार-बार अपना नाम घसीटे जाने पर दुख व्यक्त किया और इसे अनुचित तथा उनकी गरिमा, सत्यनिष्ठा एवं प्रतिष्ठा के लिए एक गहरा धक्का करार दिया। उन्होंने पुष्टि किया कि बॉम्बे उच्च न्ययालय में पहले ही एक याचिका दायर की जा चुकी है, जिसमें न्यायिक प्रक्रिया पर पूरा भरोसा व्यक्त किया गया है और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए कानूनी उपाय अपनाने की इच्छा व्यक्त की गई है। उन्होंने मीडिया से जिम्मेदार रिपोर्टिंग करने का अनुरोध किया कि मैं मीडिया से विनम्रतापूर्वक अनुरोध करती हूं कि वह इन तथ्यों पर ध्यान दे और तथ्यों की सत्यता की पुष्टि कर जिम्मेदारी से रिपोर्टिंग करें। अभिनेत्री के पति राज कुंद्रा ने भी आरोपों का खंडन किया।

आज ही बनाएं अपनी खुद की न्यूज वेबसाइट
NEW WEBSITE
बने न्यूज वेबसाइट के मालिक..
संपर्क करें
7415685293

कलेक्टर आशीष तिवारी की अनूठी पहल, 15 वार्ड शहीदों के नाम शामिल

# सराहनीय निर्णय : परमवीर-चक्र विजेताओं के नाम पर रखे जाएंगे वार्डों के नाम

**लंबे अरसे के बाद आस्तित्व में आई नगर परिषद, उमरियापान, पचपेढ़ी, बम्हनी और बरौदा पंचायत हुई नगर परिषद परिषद में शामिल**

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी।** जिले में नवनियुक्त नगर परिषद उमरिया पान, बम्हनी, पचपेढ़ी और बरोदा ने एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इस नगर परिषद के सभी 15 वार्डों के नाम देश की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले परमवीर चक्र विजेता शहीदों के नाम पर रखे जाएंगे। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर एसडीएम निधि गौतम की ओर से जारी प्रकाशन के अनुसार, यह संभवतः भारत की पहली ऐसी नगर परिषद होगी, जहां सभी वार्ड जाति, धर्म या राजनीति से ऊपर उठकर केवल राष्ट्र के नायकों को समर्पित होंगे।

यह निर्णय साल 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के 21 द्वीपों का नामकरण परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर करने की तर्ज पर लिया गया है। स्थानीय प्रशासन ने क्षेत्र के 56 पुराने वार्डों का पुनर्गठन कर 15 नए वार्ड बनाए हैं, जिन्हें अब इन वीर सपूतों के नाम दिए जाएंगे।

## 9 साल बाद नई नगर परिषद का गठन

नगर परिषद के वार्डों के लिए प्रस्तावित नामकरण में शहीद पीरू सिंह, शहीद धन सिंह थापा, शहीद होशियार सिंह, शहीद विक्रम बत्रा, शहीद अब्दुल हमीद, शहीद सोमनाथ शर्मा, शहीद शैतान सिंह, शहीद जोगिंदर सिंह, शहीद मनोज कुमार पांडे, शहीद रामस्वामी परमेश्वर,




शहीद राम राघोबा राणे, शहीद अरुण क्षेत्रपाल, शहीद अल्बर्ट इक्का, शहीद गुरबचन सिंह सलारिया और शहीद करम सिंह के नाम शामिल हैं। इस नगर परिषद का गठन लगभग 9 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद हुआ है। वर्ष 2016 में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस क्षेत्र को नगर परिषद बनाने की घोषणा की थी। अब उमरिया पान, पचपेढ़ी, बम्हनी और बरोदा ग्राम पंचायतों को मिलाकर इसका विधिवत गठन किया जा रहा है।

## अग्निशमन यंत्र की बड़ी सुविधा

नगर परिषद बनने का सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि अब तहसील स्तर पर फायर ब्रिगेड की सुविधा उपलब्ध होगी। अभी तक आगजनी की




घटनाओं में जिला मुख्यालय से दमकल पहुंचने में देरी हो जाती थी, जिससे ग्रामीणों को भारी नुकसान उठाना पड़ता था। नियमों के कारण लंबे समय से रुकी यह सुविधा अब नगर परिषद के गठन के साथ स्थानीय स्तर पर शुरू हो सकेगी। एसडीएम निधि गौतम ने बताया कि नगर परिषद के 15 वार्डों के गठन और उनके नामकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसे राष्ट्रभक्ति से जोड़ते हुए वार्डों के नाम शहीदों के नाम पर रखने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में प्रकाशन जारी कर दिया गया है, जिस पर आम नागरिक एक सप्ताह के भीतर अपने सुझाव या दावे-आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं।




शौचालय विहीन भवन में पढ़ने को मजबूर बच्चे

# जिला मुख्यालय से 10 किमी दूर जर्जर स्कूल



**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी।** जिला मुख्यालय से मात्र 10 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पुसेरा, जो क्षेत्र में नेताओं के लिए पहचाना जाता है, वहीं शासकीय उन्नयन शाला की हालत बेहद दयनीय बनी हुई है। यह स्थिति भाजपा सरकार की शिक्षा और स्वच्छता को लेकर दिखाई जाने वाली मंशा तथा जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है। विद्यालय में कक्षा 6वीं से 8वीं तक पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं जर्जर और टूटी छत के नीचे पढ़ाई करने को मजबूर हैं। छत से गिरता प्लास्टर कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है, लेकिन अधिकारियों की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। विद्यालय में शौचालय जैसी बुनियादी सुविधा तक उपलब्ध नहीं है। मजबूरी में बच्चों को खुले में शौच के लिए जाना पड़ता है, जो स्वच्छ भारत अभियान और शिक्षा सुधार के सरकारी दावों की पोल खोलता है। ग्रामीणों और अभिभावकों का कहना है कि बार-बार अवगत कराने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी मौके पर पहुंचने तक की जहमत नहीं उठा रहे हैं। नेताओं के लिए पहचाने जाने वाले गांव में इस तरह की अव्यवस्था भाजपा सरकार की मंशा और प्रशासनिक संवेदनशीलता पर बड़ा सवालिया निशान है। अब देखना यह है कि शासन और प्रशासन कब जागता है और बच्चों को सुरक्षित भवन व मूलभूत सुविधाएं कब उपलब्ध कराई जाती हैं।

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में नगर निगम ने हासिल किया छठवां स्थान

**निगमायुक्त सुश्री परिहार के कुशल मार्गदर्शन में 94.2 वेटेज स्कोर के साथ शिकायतों का निराकरण कर ए ग्रेड में शामिल**

**कटनी।** सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण के मामले में शनिवार को जारी प्रदेश स्तरीय ग्रेडिंग में नगर निगम कटनी ने प्रथम समूह के जिलों में ए ग्रेड के साथ छठवे अग्रणी नगर निगमों में शामिल होने की बड़ी उपलब्धि हासिल की है। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशन एवं कुशल मार्गदर्शन में नगर निगम कटनी ने शिकायतों का निराकरण 94.2 वेटेज स्कोर के साथ कर यह सफलता हासिल किया है। निगमायुक्त सुश्री परिहार ने इस उपलब्धि हेतु निगम के सभी संबंधित अधिकारियों के प्रयासों की सराहना करते और अधिक संवेदनशीलता के साथ कारगर पहल करने की हिदायत दी है। जिले में नवंबर माह में प्राप्त कुल 512



शिकायतों में से 55.78 वेटेज स्कोर के साथ शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया है। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा प्रत्येक माह सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण के आधार पर ग्रेडिंग जारी की जाती है। निगमायुक्त सुश्री तपस्या द्वारा सी एम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों की, की गई निरंतर मॉनिटरिंग एवं दिए गए दिशा निर्देशन के परिणामस्वरूप ही अधिकारियों द्वारा माह नवंबर में प्राप्त कुल 512 शिकायतों का 55.78 फीसदी संतुष्टिपूर्ण निराकरण तथा 94.2 फीसदी कुल वेटेज स्कोर के साथ शिकायतों का निराकरण कर ए ग्रेड के साथ छठवां स्थान हासिल किया है।

## सिवनी को मिली करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की सौगात

# विधायक दिनेश राय मुनमुन ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी-** सिवनी विधानसभा एवं आसपास के क्षेत्रों के विकास को नई गति मिलने जा रही है। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं अधोसंरचना योजना सहित विभिन्न योजनाओं के तहत जिले को करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की स्वीकृति मिली है। इन कार्यों की स्वीकृति पर विधायक दिनेश राय मुनमुन ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया है। विधायक की मांग पर स्वीकृत इन विकास कार्यों में पुल-पुलिया निर्माण, सामुदायिक भवन, सत्संग भवन, स्नान घाट, शांतिधाम एवं श्मशान सौंदर्यीकरण, खेल मैदान, बाउंड्रीवाल, मिनी स्टेडियम, टीन शेड,



तोरण द्वार, सीसी सड़क, नाली निर्माण, ग्रेवल एवं एप्रोज मार्ग निर्माण जैसे कार्य शामिल हैं। इन योजनाओं से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार होगा तथा आवागमन, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को मजबूती मिलेगी। विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि भाजपा सरकार क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और जनता की जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए लगातार विकास कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी सिवनी विधानसभा क्षेत्र में विकास की गति को और तेज किया जाएगा, ताकि प्रत्येक गांव और वार्ड तक योजनाओं का लाभ पहुंचे।

सीईओ ढीमरखेड़ा ने समीक्षा बैठक में ग्राम पंचायत सचिवों को दिए निर्देश

# ई-केवाईसी कार्य में प्रगति नहीं लाने पर लापरवाह लोकसेवकों पर होगी सख्त कार्रवाई : श्री कोरी

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, ढीमरखेड़ा। कलेक्टर सर द्वारा प्रति सप्ताह आयोजित होने वाली समय सीमा की बैठक में ई-केवाईसी कार्य को शत प्रतिशत पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए जा रहे हैं। आप लोगों को विगत तीन माह से नोटिस और बार-बार समझाइश तथा निर्देशित करने के बावजूद वांछित प्रगति नहीं आ रही है।**




यदि सोमवार तक पांच प्रतिशत की वृद्धि ई-केवाईसी कार्य में नहीं आती है तो वेतन कटौती के साथ, वित्तीय अधिकार की समाप्ति एवं निलंबन प्रस्तावित करने की कार्रवाई की जाएगी। इस आशय के निर्देश जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री युजवेंद्र कोरी ने मंगल भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में न्यूनतम प्रगति वाली ग्राम पंचायतों के सचिव, ग्राम रोजगार सहायक एवं नोडल अधिकारियों को दिए। उन्होंने यह भी कहा कि 95 प्रतिशत से अधिक ई-केवायसी कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों को आगामी 26 जनवरी को प्रशंसा पत्र प्रदान कर पुरस्कृत और सम्मानित किया जाएगा। स-

मीक्षा करते हुए जनपद सीईओ श्री कोरी ने संबल योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर लंबित पंजीयन एवं न्यूनतम लेबर बजट वाली 10 ग्राम पंचायतों के सचिव, रोजगार सहायकों और उपयंत्रियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि वित्तीय वर्ष में लक्ष्य पूर्ति नहीं होने पर जिला पंचायत को अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। इस दौरान उन्होंने मनरेगा, सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायत, नल जल योजना के हस्तांतरण की कार्रवाई, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की पूर्णता, स्वच्छ भारत अभियान एवं अन्य योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और समीक्षा कर लक्ष्य के अनुसार प्रगति लाने हेतु निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में योजना प्रभारी, ग्राम पंचायतों के सचिव,रोजगार सहायक एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

बच्चो के पढ़ाई के साथ साथ अंधेरे में रहने को मजबूर गरीब, बिजली विभाग नही दे रहा ध्यान

# आदिवासी बस्ती देवखर में कई महीनों से ट्रांसफार्मर खराब

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अतरैला।** जिले के जवा विद्युत उप संभाग अंतर्गत अतरैला सर्किल के ग्राम पंचायत देवखर आदिवासी बस्ती में कई महीनों से ट्रांसफार्मर जले होने बच्चो की पढ़ाई के साथ साथ सभी बस्ती वालो को अंधेरे में रहने को मजबूर होना पड़ रहा है यहाँ तक की बिजली नही होने से गरीबो को पीने का पानी तक नही मिल पा रहा है जिसकी शिकायत बस्ती वाले और जनपद सदस्य प्रतिनिधि शिव शंकर तिवारी द्वारा विभाग को कई बार की गई लेकिन किसी को गरीबो का दर्द सुनाई नही दे रहा है। जिसमे बस्ती वालो का कहना है विभाग में पदस्थ अधिकारी द्वेष भावना से काम कर रहे है। जबकि विद्युत विभाग अतरैला और जवा के अधिकारियो का दौरा हुआ था



उस दौरान छोटे बच्चों ने विनम्रता पूर्वक आग्रह किया था लेकिन अधिकारियों के कानों में जूं तक नही रेंगी। वही ग्रामीणों का कहना है जिसके लिए अभी विभाग को एक बार पुनः अवगत कराया गया तो उनका कहना है बिजली बिल जमा नहीं है जिसके कारण विभाग बिजली नहीं दे सकता। अब सवाल खड़ा होता है कि जब इसी तरह से कोरियान टोला में भी कई महीनों से ट्रांसफार्मर जला हुआ था तो बिना बिजली बिल जमा हुए, कैसे ट्रांसफार्मर लग गया। जो विभाग के कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लगा रहा है। जिसके लिए जनपद सदस्य प्रतिनिधि शिव शंकर तिवारी सहित ग्रामीणों ने सिरमौर विधायक दिव्यराज सिंह को अवगत कराकर ट्रांसफॉर्मर लगवाने के निवेदन किए है।

24 घण्टे थानों के सामने से फरार्टे मारते निकलते है हाइवा और ट्रैक्टर

# टमस नदी में अतरैला पुलिस के संरक्षण में धड़ल्ले से हो रहा बालू उत्खनन

**दैनिक रेवांचल टाइम्स जवा।** टमस नदी घाट में बिना निविदा के प्रतिबंधित बालू निकासी का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है जिनमे मुख्य रूप से कोनी, भड़रा, पिपराव, कार्राऊ, गोहटा टमस नदी घाट में रात्रिदिन अवैध बालू का उत्खनन हो रहा है। सूत्र बताते हैं कि इस पूरे अवैध बालू उत्खनन में अतरैला थाना प्रभारी की अहम भूमिका है। कारण की अगर किसी व्यक्ति द्वारा शिकायत की जाती है या खबर का प्रकाशन



किया जाता है तो थाना प्रभारी के द्वारा कार्यवाही नही की जाती बल्कि उन्हें संरक्षण दिया जाता है इसी बजह से खनिज माफियाओ के हौशले बुलंद है। लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से अब लोग यह कहने लगे हैं कि अवैध बालू निकासी कारोबार में विभागीय और पुलिस के संरक्षण में धड़ल्ले से चल रहा है। सवाल यही की आखिर किसके संरक्षण में थाना प्रभारी के हौशले बुलंद है।

दैनिक रेवांचल टाइम्स
निष्पक्ष, निर्भीक एवं सत्य का प्रवर्तक
डिंडोरी जिले में जिला ब्यूरो नियुक्त करना है और सभी ब्लॉक स्तर पर एजेंसी देना है पत्रकारिता के क्षेत्र में रुचि रखने वाले संपर्क करें
संवाददाता भी नियुक्त करना है
प्रबंध संपादक
अतुल कुमार
7415685293
7509202320
प्रधान कार्यालय
आदि प्लाजा की पीछे, फ्लैट न. 03
सी ब्लॉक, शताब्दीपुरम MR-4 रोड उखरी
जबलपुर म.प्र.

# दो गांजा तस्करों को ढीमरखेड़ा पुलिस ने किया गिरफ्तार




**दैनिक रेवांचल टाईम्स, ढीमरखेड़ा।** पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा द्वारा जिले में जुआ, सटटा, शराब तथा मादक पदार्थ की तस्करी में प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देश जारी किये गये है। निर्देश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेडरिया एव एसडीओपी आंकाक्षा चतुवेर्दी के मार्गदर्शन में मादक पदार्थ के विक्रय एवं परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुये थाना प्रभारी ढीमरखेडा निरीक्षक अभिषेक चौबे के नेतृत्व में ढीमरखेडा पुलिस टीम ने दो तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। जानकारी देते हुए ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि एक कार्रवाई में ग्राम झिन्नापिपरिया चंढी माता मंदिर के पास एक व्यक्ति को मोटर सायकिल की पेट्रोल टंकी पर सफेद प्लास्टिक की बोरी रखे हुये था झिन्नापिपरिया तरफ से आते हुए पकड़ा गया। वह पुलिस को देखरकर घबरा गया और भागने की कोशिश करने लगा। स्टाफ ने घेराबंदी कर बृजभान पिता अमर सिंह परस्ते उम्र 25 साल निवासी मखडार थाना कुंडम जिला जबलपुर को पकड़ा। बोरी में कुल 2 किलो 400 ग्राम मादक पदार्थ गांजा एवं एक मोटर सायकिल जप्त कर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। इसी तरह दूसरे प्रकरण में ढीमरखेडा पुलिस टीम ने मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करते हुयें ग्राम खमतरा बिचुआ मोड मेनरोड पर एक व्यक्ति को एक काले रंग का बैग हाथ में लिये हुए पकड़ा गया। वह पुलिस को देख घबराकर भागने की कोशिश करने लगा था जिसे स्टाफनमे घेराबंदी कर पकडा। पकड़े गए पंचम पिता अमर सिंह उम्र 46 साल निवासी ग्राम जामूनचुआ थाना ढीमरखेडा के बैग में कुल 3 किलो 100 ग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। तथा आरोपी के विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक चौबे, उनि सुरेश, सउनि जयपाल सिंह, आर. पंकज सिंह, आर. डुमनदास, आर. जागेश्वर, आर. कमोद कोल, आर. देवेन्द्र अहिरवार, आर गंधर्व की महत्तवपूर्ण भूमिका रही।



# बहुजन समाज पार्टी न करे गुमराह इंजीनियर रोहित पटेल

**दैनिक रेवांचल टाइम्स रीवा।** जिला पंचायत उप चुनाव में वार्ड क्रमांक 16 के प्रत्याशी इंजीनियर रोहित पटेल ने बहुजन समाज पार्टी के खिलाफ गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह जिला पंचायत के प्रत्याशी हैं कई दलों का उन्हें खुला समर्थन प्राप्त है। आज बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता अखिलेश पटेल द्वारा यह कहकर पूर्व बसपा लोकसभा प्रत्याशी से मुलाकात कराने कहकर ले गए कि बसपा भी आपका समर्थन करना चाहती है तो मैंने कहा की और दल पहले से ही समर्थन दे रखे हैं बसपा भी कर दे स्वागत है। लेकिन बसपा के लोगों ने जब उनके गले में बसपा का गमछा डालकर फोटो खिंचवाया तब मैं आपत्ति किया तो उन्होंने कहा कि आप स्वतंत्र प्रत्याशी हैं स्वतंत्र ही रहेंगे। लेकिन बसपा को समर्थन करना है इसलिए एक फोटो जरूरी है लेकिन अब यह ज्ञात हो रहा है की बसपा के लोग उनकी मुलाकात को गलत रंग देते हुए दुष्प्रचार कर रहे हैं क्षेत्र के मतदाता दिग्भ्रमित न हो मैं आज भी स्वतंत्र प्रत्याशी हूं।

क्या आप दाद-खाज़, खुजली से परेशान है?
अब आपके शहर सिवनी में सभी प्रकार के चर्म रोगों का उपचार सुप्रसिद्ध चिकित्सक द्वारा संभव
डॉ. हेमलता चांचरिया
BHMS, PGDCC, Cosmetologist
चर्म, केश, सौन्दर्य चिकित्सक
माह के दूसरे एवं चौथे बुधवार
सुबह 11 बजे से 2 बजे तक

दाद (दराद) खाज खुजली का ईलाज
* कील मुहाँसे का सफलतम ईलाज
* चेहरे का साँवलापन झाई एवं Chemical Peeling दाग धब्बे हटाये द्वारा
* तील एवं मस्सों का स्थाई ईलाज लेजर द्वारा
* चेहरे के अनचाहे बालों को हटाना बालों का झड़ना समय से पहले बाल सफेद होना गंजेपन का ईलाज (पी.आर.पी.) द्वारा
* सफेद दाग का सफल ईलाज दवाई एवं सर्जरी द्वारा।
* काली झाईयां, चेहरे के दाग धब्बे एवं गड्ढों का सफलतम ईलाज।
* एलर्जी, एग्जिमा, शरीर पर खुजली एवं सोरायसिस का सफल इलाज
* चेहरे के गड्ढे झुर्रियां एवं दाग का सफल ईलाज दवाई एवं Dermaroller द्वारा
रेवा फार्मेसी
पता: बरघट रोड़, गणेश चौक, सिवनी
Mob: 96696 52061, 88393 10065



# यंग एंटरप्रेन्योर फोरम समिटः इंदौर से नए भारत के उद्यमी भविष्य का आह्वान

## सीएम मोहन, केंद्रीय मंत्री सिंधिया, संघ के पदाधिकारी हुए शामिल





इंदौर। मध्य प्रदेश के इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित यंग एंटरप्रेन्योर फोरम ( एऋ) समिट में देशभर से आए युवा उद्यमियों, स्टार्टअप फाउंडर्स और उद्योग जगत से जुड़े लोगों का जमावड़ा देखने को मिला। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया विशेष रूप से शामिल हुए, जबकि मुख्यमंत्री मोहन यादव भी कार्यक्रम स्थल पहुंचे और उन्होंने लंबा व प्रेरक उद्बोधन दिया। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता किसी एक्स फैक्टर से नहीं, बल्कि विश्वास यानी ह्लडी फैक्टरह्व से बनती है। उन्होंने कहा कि आज उनके सामने बैठी युवा पीढ़ी वही शक्ति है जो भारत के भविष्य को नई दिशा देगी। यह वह युवा भारत है जो आराम की नींद छोड़ चुका है और जोखिम उठाने का साहस रखता है। सिंधिया ने अपने निजी जीवन के संघर्षों का जिक्र करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने करियर की शुरूआत बेहद साधारण हालात में की। विदेश से पढ़ाई पूरी करने के बाद भारत लौटकर उन्होंने होटल के एक कमरे से काम शुरू किया। न कोई पहचान थी, न संसाधन। कोल्ड कॉलिंग, खुद प्रेजेंटेशन बनाना, खुद ही क्लाइंट तक पहुंचना—यही उनकी शुरूआती यात्रा रही। उन्होंने कहा कि उद्यमिता का रास्ता आसान नहीं होता, लेकिन धैर्य और निरंतर प्रयास ही असली पूंजी है।

उन्होंने युवाओं को संदेश दिया कि असफलताओं से डरने के बजाय उनसे सीखना चाहिए। सिंधिया ने कहा कि उन्होंने सफलता और असफलता दोनों देखी हैं, यहां तक कि बर्नआउट के करीब भी पहुंचे, लेकिन हार नहीं मानी। यही अनुभव उन्हें आज युवाओं के बीच खड़ा करता है, एक नीति निमार्ता के रूप में नहीं, बल्कि एक उद्यमी के रूप में। सिंधिया ने भारत की आर्थिक प्रगति पर भी विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कि 12 साल पहले भारत दुनिया की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था, आज चौथे स्थान पर पहुंच चुका है। आने वाले वर्षों में भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह बदलाव अचानक नहीं हुआ, बल्कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नीतिगत सुधारों, संस्थागत बदलावों और उद्यमियों पर भरोसे का परिणाम है। नाम वही बदलते हैं जो खुद कोई काम के नहीं होतेह्लः प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता रागिनी नायक बोलीं- रोजगार देने वाली योजना मनरेगा को खत्म करने की साजिश उन्होंने बताया कि 2014 से पहले जहां भारत में कुछ सौ स्टार्टअप थे, वहीं आज देश में करीब दो लाख स्टार्टअप सक्रिय हैं। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है। भारत अब सिर्फ सर्विस आधारित अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि प्रोडक्ट, मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अपने संबोधन में इंदौर की सांस्कृतिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि यह नगर भगवान गणेश से जुड़ा हुआ है, जिन्हें बुद्धि और विवेक का प्रतीक माना जाता है। ऐसे नगर से उद्यमशीलता की ऊर्जा निकलना स्वाभाविक है। सीएम ने कहा कि भारतीय परंपरा में समृद्धि केवल व्यक्तिगत नहीं होती, बल्कि समाज के साथ साझा की जाती है। उन्होंने विक्रम संवत और भारत की प्राचीन आर्थिक सोच का उदाहरण देते हुए कहा कि हमारे यहां संपन्नता का मतलब सिर्फ धन नहीं, बल्कि समाज का सशक्त होना है। मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की नीतियों की जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश में बजट को चरणबद्ध तरीके से बढ़ाया गया है। सरकार का लक्ष्य है कि विकास योजनाएं केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि जमीन पर दिखाई दें। स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में संरचनात्मक सुधार किए जा रहे हैं, जिससे खर्च कम हो और सुविधाएं अधिक मिलें।

# अटलजी की जयंती पर होंगे अटल स्मृति सम्मेलन

## सभी विधानसभा क्षेत्रों में आयोजन, अटलजी के जीवन दर्शन और योगदान पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएंगी




भोपाल। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का 25 दिसंबर को जन्म दिवस है। इस उपलक्ष्य में प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में अटल स्मृति सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। सम्मेलनों की शुरूआत 24 दिसंबर से होगी और 31 दिसंबर को समापन। इसके साथ ही अटल जी के जीवन दर्शन और योगदान पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। प्रदेश भाजपा कार्यालय में मीडिया से चर्चा करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने बताया कि अटल जी की जयंती के अवसर पर उनके साथ कार्य कर चुके सामाजिक, विशिष्ट नागरिकों के साथ-साथ चिकित्सा, साहित्य, शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में योगदान देने वाले व्यक्तियों को आमंत्रित कर सम्मानित किया जाएगा।

**24 दिसंबर को स्वच्छता अभियान और दीपोत्सव :** अरुण सिंह ने बताया कि 24 दिसंबर को प्रदेश की सभी विधानसभा क्षेत्रों में जहां-जहां अटल जी की प्रतिमा या स्मारक स्थापित हैं, वहां स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। उसी दिन दीपोत्सव का आयोजन भी किया जाएगा। भाजपा के सभी जिला कार्यालयों में भी दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित होंगे।

**25 दिसंबर को अटल स्मृति सम्मेलन :** उन्होंने कहा कि 25 दिसंबर को सभी विधानसभा क्षेत्रों में अटल स्मृति सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। इन सम्मेलनों में अटल जी की स्मृति में कविता पाठ, सुशासन से जुड़े कार्यक्रम और विचार गोष्ठियां आयोजित होंगी।

**ग्वालियर आएंगे अमित :** अरुण सिंह ने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ग्वालियर पहुंचेंगे और अटल जी के नाम पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

**कांग्रेस पर साधा निशाना,कहा- नकारात्मक सोच हावी :** एक सवाल के जवाब में अरुण सिंह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस में इस समय नकारात्मक सोच हावी है। उन्होंने कहा कि चाहे वंदे मातरम का मुद्दा हो या कोई और विषय, कांग्रेस हमेशा नकारात्मक दृष्टिकोण के साथ काम करती है। सिंह ने यह भी कहा कि जवाहरलाल नेहरू ने अटल जी की प्रतिभा को पहचाना था, लेकिन इंदिरा गांधी ने उन्हें जेल भेजा। अटल जी जनसंघ से लेकर भाजपा के गठन के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रधानमंत्री तक की जिम्मेदारी निभाने वाले महान नेता थे।

# 7 साल की बच्ची से बंधक बनाकर रेप

## पार्क में खेल रही मासूम को कार्टून दिखाने का लालच दिया; घर में गलत काम किया



भोपाल। भोपाल के अशोका गार्डन थाना इलाके में 7 साल की बच्ची से रेप की वारदात सामने आई है। आरोपी पार्क में खेल रही मासूम को साथ ले गया। घर में उसके साथ गलत काम किया। इसके बाद टॉफी का लालच देकर बच्ची को किसी को भी ना बताने को कहा और छोड़ दिया। घर पहुंचकर मासूम ने अपनी मां को पूरा घटनाक्रम बताया। मां ने परिवार और पड़ोसियों को वारदात की जानकारी दी। इसी बीच बजरंग दल कार्यकताओं को भी घटना की जानकारी लगी और वह मौके पर पहुंच गए। कार्यकताओं ने आरोपी को तलाश कर पकड़ा और पुलिस के हवाले किया।

**कार्टून दिखाने के बहाने घर ले गया, 1 घंटे बाद छोड़ा :** बजरंग दल के सोनू हिंदू ने बताया कि बच्ची शुक्रवार शाम करीब 7:30 बजे अपने घर के बाहर पार्क में खेल रही थी। तभी आरोपी नरेंद्र राजपूत बच्ची को कार्टून दिखाने के बहाने अपने घर ले गया। यहां उसके साथ गलत हरकत की। करीब 1 घंटे बाद उसने बच्ची को छोड़ा। स्थानीय लोगों के माध्यम से हम तक यह जानकारी पहुंची। हमारे कार्यकर्ताओं ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी को पुलिस को सौंपने के बाद भीड़ थाने पहुंच गई और उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की। पुलिस ने आरोपी पर अपहरण, रेप और पॉक्सो के तहत केस दर्ज किया है।

वारदात से पहले आरोपी ने अश्लील फिल्में देखी थी

बच्ची की मेडिकल रिपोर्ट में रेप का खुलासा हुआ है। पुलिस आरोपी को शनिवार दोपहर बाद कोर्ट में पेश करेगी। पूछताछ में उसने जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस को उसने बताया कि बच्ची को अकेला देख उसकी नीयत खराब हुई थी। वारदात से पहले उसने अश्लील फिल्में देखी थी। फिर शराब के नशे में धुत होकर मासूम से ज्यादती की। आरोपी पहले प्राइवेट जॉब करता था, फिलहाल बेरोजगार था।

# आईएएस सर्विस मीट के दूसरे दिन बोट क्लब पहुंचे अफसर

## चार टीमों के बीच हुई रोमांचक बोट रेस, कुकिंग प्रतियोगिता में भी दिखेगा अधिकारियों का हुनर




भोपाल। भोपाल में आयोजित आईएएस सर्विस मीट के दूसरे दिन शनिवार को बोट क्लब में बोट रेस का आयोजन हुआ। बड़े तालाब में आयोजित बोट रेस में चार हाउस रेड, ब्लू, ग्रीन और यलो के अधिकारी और उनके परिजन कड़ाके की ठंड में उत्साह के साथ शामिल हुए। 200 मीटर की दूरी वाली रेस में प्रत्येक टीम में तीन वयस्क पुरुष, एक अनुभवी खिलाड़ी, एक महिला और एक बच्चा शामिल थे, साथ ही चार सपोर्ट सदस्य एक गाइड और एक ड्रमर भी टीम के साथ थे। बोट रेस के दौरान डीजे की धुनों और गीत-संगीत ने माहौल को और रंगीन बना दिया। सुबह लहरों के बीच रेस और मौज-मस्ती के बाद अधिकारी अरेरा क्लब में दिनभर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। इसके साथ ही आज चारों हाउस के तहत कुकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी, जिसमें अलग-अलग व्यंजन तैयार किए जाएंगे। इस कुकिंग कॉम्पीटिशन में महिला और पुरुष आईएएस अधिकारियों के साथ उनके परिजन भी शामिल होकर अपनी-अपनी टीम का उत्साह बढ़ाएंगे। इसके अलावा चारों हाउस के तहत आयोजित कुकिंग प्रतियोगिता में महिला और पुरुष आईएएस अधिकारी और उनके परिजन अलग-अलग व्यंजन बनाकर अपनी टीम का उत्साह बढ। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों और आयोजकों की संतुष्टि के साथ हुआ।




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को भोपाल में उत्तर मध्य राज्यों के नगरीय विकास मंत्रियों की क्षेत्रीय बैठक में शामिल हुए।

# मुलताई में दो बाइकों की टक्करःपंडरिया देव मंदिर के सामने एक युवक की मौत

मुलताई। मुलताई-बरखेड़ मार्ग पर पंडरिया देव बाबा मंदिर के सामने शनिवार दोपहर 1 बजे दो बाइकों की टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बरखेड़ा निवासी बबलू (40 वर्ष) अपनी बाइक से बरखेड़ से मुलताई की ओर आ रहे थे। दूसरी बाइक पर सावन गांव निवासी संदीप साबले (24 वर्ष) मुलताई से बरखेड़ की ओर जा रहे थे। पंडरिया देव बाबा मंदिर के सामने दोनों बाइकों की जोरदार टक्कर हो गई।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव का बैतूल में मेडिकल कॉलेज स्थापना के लिए विधायकगण ने माना आभार

## मुख्यमंत्री से विधायक तथा अध्यक्ष श्री खण्डेलवाल के नेतृत्व में बैतूल के विधायकों ने की भेंट



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से बैतूल विधायक तथा प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल के नेतृत्व में बैतूल जिले के विधायकों ने भेंट कर बैतूल को मेडिकल कॉलेज तथा अन्य सौगातें देने के लिए मुख्यमंत्री का आभार माना। मुख्यमंत्री निवास पर हुई भेंट में विधायक सर्वश्री महेंद्र सिंह चौहान, डॉ. योगेश पंडाग्रे, चंद्रशेखर देशमुख तथा श्रीमती गंगाबाई उईके मौजूद रहीं। विधायकों ने कहा कि जनजातीय और ग्रामीण बहुल बैतूल जिले में मेडिकल कॉलेज खुलने से ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्र के मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा जिले में ही मिल सकेगी। इससे स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार हो सकेगा। पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना से क्षेत्र के विद्यार्थियों को मेडिकल की पढ़ाई में भी सुविधा होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जे. पी. नड्डा बैतूल जिले के कोसमी क्षेत्र में पीपीपी मोड पर आरंभ हो रहे मेडिकल कॉलेज का 23 दिसम्बर को भूमि-पूजन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का विधायकों ने सारणी के सतपुड़ा ताप विद्युत गृह में लगभग 12 हजार करोड़ रुपए की लागत की 660 मेगावाट यूनिट इकाई की स्थापना की वर्षों पुरानी मांग स्वीकृत करने, भीमपुर में 100 बिस्तरीय अस्पताल और चिचोली में 50 बिस्तरीय अस्पताल की स्वीकृति देने के लिए भी आभार माना। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से घोड़ाडोंगरी विधायक श्रीमती गंगा बाई उईके ने चोपना क्षेत्र के परिवारों के पट्टों के प्रकरणों के निराकरण के संबंध में भी अनुरोध किया।

# सारणी में बाघ की दहशत, पांचवीं बार दिखा मूवमेंट

बैतूल। बैतूल के सारनी इलाके में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व (रळफ) से एक बार फिर बाघ की गतिविधि पहुंच गई है। सात दिनों में भीतर राख बांध, सलैया और पाथाखेड़ा के ड्रिलिंग कैंप के आसपास बाघ के मूवमेंट की सूचना ने स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बना दिया है। बताया जा रहा है कि इस क्षेत्र में बाघ का यह पांचवां मूवमेंट है। वन विभाग की टीम ने सूचना मिलते ही इलाके में सर्च अभियान चलाया, जहां कई स्थानों पर बाघ के पगमार्क (पदचिह्न) भी मिले हैं। चूरना से लेकर सारनी तक का इलाका बाघ की टेरिटरी के रूप में जाना जाता है, जहां समय-समय पर इसकी उपस्थिति दर्ज होती रही है।

**सात दिन में शिकार की नहीं मिली जानकारी :** हालांकि, पिछले सात दिनों में किसी भी पशु के शिकार की सूचना नहीं मिली है। जानकारों का कहना है कि नपा क्षेत्र में आवारा पशुओं की भरमार के कारण बाघ को भोजन के लिए पर्याप्त शिकार मिल जाता है, इसलिए किसी विशेष शिकार की खबर नहीं आती। ग्रामीण इलाकों में अक्सर पालतू पशुओं के शिकार पर लोगों द्वारा वन विभाग को सूचना दी जाती है। **सलैया में देखा गया बाघ, रात में खेत मालिक ने की पुष्टि :** ग्राम पंचायत सलैया के माता मंदिर के जंगल में तीन दिन पहले एक खेत मालिक ने बाघ को देखा। सूचना मिलते ही वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे और लोकेशन की जानकारी जुटाई। एसडीओ फॉरेस्ट अजय वाहने ने बताया कि क्षेत्र सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से सटा हुआ है, इसलिए कभी-कभी बाघ का मूवमेंट बना रहता है।

# सांसद खेल महोत्सव के दौरान एकलव्य स्कूल प्राचार्य से विवाद

## तीन भाजपा नेताओं को महोत्सव में आने से रोका, अभद्रता का आरोप लगा



छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, तामिया में आयोजित सांसद खेल महोत्सव के दौरान हुए विवाद ने अब राजनीतिक तूल पकड़ लिया है। विद्यालय के प्राचार्य से कथित अभद्रता के मामले में तामिया पुलिस ने तीन भाजपा नेताओं के खिलाफ शांति भंग करने के आरोप में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। वहीं भाजपा नेताओं ने इस कार्रवाई को एकपक्षीय बताते हुए पुलिस को ज्ञापन सौंपा है। पुलिस के मुताबिक, सांसद खेल महोत्सव के शुभारंभ के दौरान हुए घटनाक्रम को लेकर विकासखंड प्रभारी वतन उपाध्याय, कांग्रेस से भाजपा में आए नेता सतीश मिश्रा तथा भाजपा मंडल छिंदी अध्यक्ष व अमरवाड़ा विधायक प्रतिनिधि पवन बंजारा के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

**भाजपा का आरोप : बिना सुने की गई कार्रवाई :** बुधवार, 17 दिसंबर को भाजपा मंडल तामिया ने पुलिस को ज्ञापन सौंपते हुए आरोप लगाया कि पूरे मामले में एकतरफा कार्रवाई की गई है। भाजपा नेताओं का कहना है कि सांसद खेल महोत्सव के दौरान विद्यालय प्राचार्य द्वारा आयोजकों का अपमान किया गया, लेकिन पुलिस ने उनका पक्ष सुने बिना ही कार्रवाई कर दी।

**सरकारी संस्थाओं के भरोसे हुआ आयोजन :** बताया गया है कि सांसद खेल महोत्सव के आयोजन को लेकर कलेक्टर द्वारा शासकीय संस्थाओं को सहयोग के निर्देश दिए गए थे। अन्य विकासखंडों में जहां आयोजकों ने निजी पंडाल और व्यवस्थाएं की थीं, वहीं तामिया में आयोजन पूरी तरह शासकीय संस्थाओं के भरोसे कराया गया।3 दिसंबर को बीईओ के साथ हुई बैठक में एकलव्य विद्यालय को आयोजन स्थल के रूप में तय किया गया था।

**प्राचार्य का आरोप – बच्चों के सामने की गई अभद्रता :** एकलव्य विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुशवाहा का आरोप है कि कार्यक्रम से पहले भाजपा नेता सतीश मिश्रा ने बच्चों से कथित तौर पर टेंडर और यूनिफॉर्म को लेकर बातचीत की और इसी दौरान उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। विवाद इतना बढ़ गया कि बच्चों के सामने तीखी बहस हुई, जिससे छात्र-छात्राएं सहम गए।प्राचार्य का कहना है कि परीक्षा अवधि का हवाला देकर सीमित बच्चों को ही कार्यक्रम में लाया गया था, लेकिन इसी बात को लेकर विवाद खड़ा किया गया और उन्हें स्थानांतरण की धमकी तक दी गई।

**दिल्ली तक पहुंची शिकायत, जांच में जुटी पुलिस :** प्राचार्य ने पूरे मामले की शिकायत जनजातीय कार्य मंत्रालय, दिल्ली में की है। यह शिकायत कलेक्टर कार्यालय होते हुए एसडीएम तक पहुंची, जिसके बाद पुलिस जांच शुरू की गई।इधर भाजपा नेताओं ने खुद को निर्दोष बताते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। मामले को लेकर प्रशासनिक और राजनीतिक स्तर पर हलचल बनी हुई है।

# छिंदवाड़ा के 7860 मतदाताओं को जारी होगा नोटिस

## 59,368 मतदाताओं के नाम कटेंगे फाइनल डेटा जारी, दो बार बढ़ानी पड़ी तारीख



छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा आखिरकार एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) के तहत फार्म जमा करने की अंतिम तिथि शुक्रवार को समाप्त हो गई। प्रशासन ने उसी दिन एसआईआर का फाइनल डेटा भी जारी कर दिया। इसके मुताबिक जिले में 59 हजार 368 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जाएंगे, जबकि 17 हजार 200 मतदाता मृत पाए गए हैं।

**12.26 लाख से घटकर 11.67 लाख हुए वैध मतदाता :** एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने से पहले जिले में 12 लाख 26 हजार 602 मतदाता चिन्हित थे। लंबी प्रक्रिया और सत्यापन के बाद अब 11 लाख 67 हजार 234 मतदाता वैध पाए गए हैं। प्रशासन अब अंतिम प्रकाशन के बाद दावा-आपत्ति की प्रक्रिया शुरू करेगा।

**दो बार बढ़ानी पड़ी तारीख :** एसआईआर की प्रक्रिया 4 नवंबर से 18 दिसंबर तक चली। इस दौरान निर्धारित समयसीमा में काम पूरा न होने पर निर्वाचन आयोग को दो बार तारीख बढ़ानी पड़ी। आगे की प्रक्रिया में जिले के 7 हजार 860 मतदाताओं को नोटिस जारी किए जाएंगे। ये वे मतदाता हैं, जिन्हें बीएलओ द्वारा गणना पत्र वितरित किए गए थे, लेकिन उन्होंने तय समयसीमा में पत्र जमा नहीं किए। अब इन सभी को अनुविभागीय अधिकारियों के माध्यम से नोटिस जारी कर मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने का अंतिम मौका दिया जाएगा। प्रशासन का कहना है कि तय प्रक्रिया के तहत अंतिम प्रकाशन और दावा-आपत्ति के निपटारे के बाद ही मतदाता सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा।

### हिन्दू संगठन के कार्यकर्ताओं ने किया हंगामा, दो पक्षों में जमकर हुआ विवाद

# चर्च में ब्लाइंड बच्चों के धर्मांतरण का आरोप

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर। जबलपुर के गोरखपुर थाना इलाके में शनिवार को एक चर्च में ब्लाइंड छात्र-छात्राओं का धर्मांतरण की सूचना के बाद हंगामा हो गया। मौके पर पहुंचकर हिन्दू संगठन के कार्यकताओं ने जमकर हंगामा कर दिया। कुछ ही देर में विवाद इस कदर बढ़ गया कि हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता और चर्च में मौजूद लोगों के बीच हाथापाई तक हो गई। विवाद की जानकारी लगते ही गोरखपुर थाना पुलिस के साथ सीएसपी मौके पर पहुंचे और विवाद को शांत कराने की कोशिश की, बावजूद इसके दोनों पक्ष लड़ते रहे।**



दरअसल गोरखपुर के जॉनसन स्कूल कैंपस के पीछे स्थित एक चर्च में क्रिसमस कार्यक्रम के नाम पर शहर के अलग-अलग छात्रावासों से लगभग 70 दिव्यांग छात्र-छात्राओं को बुलाया गया था और चर्च के अंदर उनसे प्रार्थना कराई जा रही थी। इसी बात की जानकारी लगते ही हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे और दिव्यांग बच्चों को लालच देकर धर्मांतरण करवाने का आरोप लगाते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। विवाद इतना बढ़ गया कि पुलिस की मौजूदगी में ही दोनों पक्षों में जमकर मारपीट भी हुई। पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर दोनों पक्षों को अलग किया। गोरखपुर थाना पुलिस ने हिन्दू संगठन के आरोपों पर जांच शुरू की। हिंदू संगठन के कार्यकताओं का कहना है कि अक्सर जब भी ब्लाइंड छात्र-छात्राओं को छात्रावास से कहीं ले जाना होता है तो उसकी परमिशन ली जाती है, लेकिन प्रारंभिक जांच में पुलिस को कार्यक्रम आयोजकों के पास किसी प्रकार की परमिशन प्राप्त नहीं हुई है। गोरखपुर पुलिस ने मौके से एक संदिग्ध व्यक्ति को भी हिरासत में लिया है, जिसके पास किसी प्रकार का कोई आईडी प्रूफ नहीं था।

## ब्रेनवॉश करने का आरोप

हिंदू संगठन के कार्यकताओं का कहना है कि जैसे ही जानकारी लगी कि हवाबाग कॉलेज में ब्लाइंड बच्चों को लाया और ब्रेनवॉश किया गया और हनुमान चालीसा को गलत बताया। विकास खरे ने बताया कि बच्चों से जब पूछा गया तो बताया कि उन्हें खाने-पीने की लालच देकर चर्च के एक कार्यक्रम में लाया गया है। कहा गया था कि क्रिसमस पर्व की तैयारी चल रही है, उसी में शामिल होना है। कार्यकताओं का कहना है कि हर साल 25 दिसंबर को इस तरह के कार्यक्रम के होते हैं। ब्लाइंड बच्चों को जिस हॉस्टल से लाया गया था, वहां से अनुमित भी नहीं ले गई थी। चर्च में मौजूद महिला लीला जोसफ ने बताया कि ईशू कार्यक्रम के लिए ब्लाइंड बच्चों को अलग-अलग स्कूलों से लाया गया है। मेडिकल कॉलेज के पास, सिविल लाइन और बाइपास के पास से बच्चों को लाया गया। उनका कहना है कि हमारे साथ के लोगों ने अनुमति लेकर ही इन बच्चों को लाया गया है।

सीएमपी एमडी नगोतिया ने कहा कि- फिलहाल सभी बच्चों को वापस छात्रावास भेज दिया गया है, पुलिस चर्च में कार्यक्रम आयोजित करने वालों के साथ साथ जिन दिव्यांग छात्रावासों से बच्चों को लगा गया था उनसे भी पूछताछ कर कड़ी कार्रवाई करने की बात कह रही है।

# नकली सहायक लोको पायलट गिरफ्तार



**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** जबलपुर रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार देर रात रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने सहायक लोको पायलट की वर्दी में घूम रहे एक युवक को संदिग्ध हालत में गिरफ्तार किया। आरोपी युवक आईटीआई का छात्र है, जो कई दिनों से रेलवे स्टेशन पर सहायक लोको पायलट की ड्रेस पहनकर बेरोकटोक घूम रहा था और ट्रेन संचालन में इस्तेमाल होने वाले उपकरण भी इश्यू करवा रहा था। आरपीएफ के मुताबिक पकड़े गए युवक का नाम देव शर्मा (20 वर्ष) है, जो वीर सावरकर वार्ड जबलपुर का निवासी है। पूछताछ में उसने बताया कि उसे इंजन चलाना सीखने का शौक था, इसी वजह से उसने सहायक लोको पायलट बनकर स्टेशन आना शुरू किया। आरपीएफ ने आरोपी के खिलाफ रेल अधिनियम की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

**फाग डिवाइस, वॉकी-टॉकी और लाल-हरी झंडी बरामद-** आरपीएफ को आरोपी की तलाशी लेने पर उसके पास से लोको पायलट को दिए जाने वाले फाग डिवाइस, ट्रेन संचालन में उपयोग होने वाला वॉकी-टॉकी, साथ ही लाल और हरी झंडी बरामद की है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी यह सभी उपकरण मुख्य स्टेशन स्थित लोको पायलट लॉबी से इश्यू करवाता था। घटना शुक्रवार रात की है, जब देव शर्मा मुख्य रेलवे स्टेशन पर लोको पायलट लॉबी के पास खड़ा था। उसने नीली पेंट और आसमानी रंग की शर्ट पहन रखी थी और हाथ में फाग डिवाइस व वॉकी-टॉकी था। वह शंटिंग में लगे एक पायलट से बातचीत करने लगा। बातचीत के दौरान उसके हाव-भाव और तकनीकी जानकारी में कमी देखकर शंटर पायलट को शक हुआ। कुछ विभागीय सवाल पूछे जाने पर युवक घबरा गया और सही जवाब नहीं दे सका। इसके बाद लॉबी कर्मचारियों को सूचना दी गई, जिस पर आरपीएफ मौके पर पहुंची और युवक को पकड़ लिया गया।

# हाइवे पर ट्रक चालक का हाईवोल्टेज ड्रामा



**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** जबलपुर-भोपाल राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब नशे में धुत एक ट्रक चालक ने बीच सड़क पर जमकर हंगामा कर दिया। स्थिति ऐसी बन गई कि करीब आधे घंटे तक नेशनल हाईवे का एक लेन पर ट्रैफिक जाम रहा, जिससे एक तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। ट्रक चालक ने लाठी लेकर परिवहन विभाग के कर्मचारियों को काफी दूर तक खदेड़ दिया। सूचना मिलने पर बेलखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक जब्त कर चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। हंगामे के दौरान परिवहन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ-साथ आम जनता और प्रशासनिक अधिकारियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है।

## चेकिंग के दौरान भड़का चालक

जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को परिवहन विभाग का उड़नदस्ता जबलपुरझ्रभोपाल मार्ग पर वाहन चेकिंग कर रहा था। इसी दौरान ट्रक क्रमांक उऋ04 ठळ 0804 तेज रफ्तार में भोपाल की ओर जा रहा था। टीम ने ट्रक को रोका और पूछताछ की तो चालक ने अपना नाम अरविंद पिता कैलाशचंद्र निवासी देवास बताया। ट्रक में कई तरह की लाइटें लगी हुई थीं। जब चालक से वाहन के दस्तावेज मांगे गए तो उसने देने से साफ इनकार कर दिया। इसके बाद परिवहन विभाग ने पीएसओ मशीन से ऑनलाइन चालान काटा, जिससे चालक भड़क गया और हाथ में लाठी लेकर हंगामा करने लगा।

## कर्मचारियों को लाठी लेकर खदेड़ा

बताया जा रहा है कि चालक नशे में इस कदर धुत था कि उसने परिवहन विभाग के कर्मचारियों को लाठी लेकर काफी दूर तक खदेड़ दिया। हालात बिगड़ते देख कर्मचारियों ने मौके से हटकर बेलखेड़ा थाना पुलिस को सूचना दी।

## अतिक्रमण हटाया गया, रंगरोगन व सुंदरीकरण की प्रक्रिया तेज

# महापौर-निगमायुक्त की पहल से बदलेगा गुरंदी मछली मार्केट का चेहरा

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर। शहर के प्रमुख व्यापारिक क्षेत्रों को सुव्यवस्थित और स्वच्छ बनाने की दिशा में नगर निगम जबलपुर लगातार ठोस कदम उठा रहा है। इसी कड़ी में महापौर जगत बहादुर सिंह ह्यअन्नूह्न एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार की पहल पर गुरंदी स्थित मछली मार्केट को नया स्वरूप देने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। इस अभियान का उद्देश्य व्यापारियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना और नागरिकों को स्वच्छ व सुव्यवस्थित बाजार वातावरण प्रदान करना है।**

## अतिक्रमण हटाकर बनाई जा रही व्यवस्थित मार्केट व्यवस्था

नगर निगम की टीम द्वारा मछली मार्केट क्षेत्र में लंबे समय से जमे अवैध अतिक्रमणों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की गई है। अतिक्रमण हटने से जहां यातायात व्यवस्था सुगम हुई है, वहीं बाजार परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने में भी आसानी हो रही है।



**जल्द होगा रंगरोगन, मिलेगा आधुनिक स्वरूप-** निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के निर्देश पर मछली मार्केट के रंगरोगन और सुंदरीकरण का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाएगा। नगर निगम का लक्ष्य है कि व्यापारियों को सुव्यवस्थित, स्वच्छ और आकर्षक मार्केट उपलब्ध कराया जाए, जिससे व्यापारिक गतिविधियां सुचारू रूप से संचालित हो सकें।

## सख्त निगरानी जारी

नागरिकों की सेहत को प्राथमिकता देते हुए नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग भी पूरी तरह सक्रिय है। खुले में मांस एवं मछली विक्रय करने वालों के विरुद्ध नियमित रूप से चालानी कार्यवाही की जा रही है।

## स्वच्छता मानकों का पालन अनिवार्य

नगर निगम की टीम द्वारा विक्रेताओं को निर्धारित स्थान पर ही व्यापार करने एवं स्वच्छता मानकों का सख्ती से पालन करने की लगातार समझाइश दी जा रही है। निगम प्रशासन का स्पष्ट संदेश है कि स्वच्छ, सुरक्षित और व्यवस्थित बाजार व्यवस्था से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

# मूलभूत सुविधाओं के अभाव से जूझ रहे St. Aloysius College के छात्र, NEYU ने कॉलेज प्रशासन को दी चेतावनी

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** नेशनल एजुकेशन यूथ यूनियन (NEYU), जिला जबलपुर द्वारा St. Aloysius College, गौर, जबलपुर में अध्ययनरत छात्रझ्रछात्राओं की गंभीर समस्याओं को लेकर एक कड़ा ज्ञापन जारी किया गया है। संगठन का कहना है कि कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थी लंबे समय से मूलभूत सुविधाओं की कमी से परेशान हैं, लेकिन अब तक कॉलेज प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। NEYU के अनुसार कॉलेज शहर से लगभग 20 किलोमीटर दूर स्थित है, इसके बावजूद कॉलेज परिसर एवं संपर्क मार्ग पर पक्की सड़क नहीं होने से विद्यार्थियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विशेषकर वर्षा ऋतु में यह मार्ग अत्यंत जोखिम भरा हो जाता है, जिससे छात्रों की सुरक्षा और आवागमन दोनों प्रभावित हो रहे हैं। संगठन ने यह भी आरोप लगाया कि कॉलेज की मेस में परोसा जाने वाला भोजन गुणवत्ताहीन है, वॉटर कूलर की नियमित साफ-सफाई नहीं होती, छात्रों के लिए बस अथवा परिवहन सुविधा उपलब्ध नहीं है, कक्षाओं में एसी (AC) की व्यवस्था नहीं है तथा कॉलेज की आधिकारिक वेबसाइट पर आवश्यक शैक्षणिक जानकारियाँ भी उपलब्ध नहीं कराई गई हैं, जो छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। NEYU, जिला जबलपुर ने कॉलेज प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र ही कॉलेज परिसर में पक्की सड़क का निर्माण कराया जाए तथा मेस, पेयजल, परिवहन, कक्षा सुविधाओं एवं वेबसाइट से जुड़ी सभी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए।



संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि समस्याओं का शीघ्र निराकरण नहीं किया गया, तो ठए व छात्रों के साथ मिलकर यह मामला उच्च शैक्षणिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष उठाने के लिए बाध्य होगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी कॉलेज प्रशासन की होगी। इस अवसर पर NEYU जिला अध्यक्ष नीरज शर्मा सहित अविनाश गोस्वामी, आयुष राजपूत, धीरज शर्मा, आदित्य साहू, सुमित शर्मा, यशराज मौर्या, अनिकेत रजक, करण तिवारी, विपिन विश्वकर्मा, अश्विनी गुप्ता, रचित नामदेव, हर्ष शुक्ला, मनीष प्रजापति एवं अंकित सैनी उपस्थित रहे।

# अव्यवस्थाओं से बेहाल जिला अस्पताल विक्टोरिया, युवा कांग्रेस ने किया घेराव

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** जिला अस्पताल विक्टोरिया में फैली अव्यवस्थाओं और गंभीर अनियमितताओं को लेकर युवा कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष सोनू कुकरेले एवं नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने अस्पताल का घेराव कर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (उल्हटड) संजय मिश्रा को ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की मांग की। जिला अध्यक्ष सोनू कुकरेले एवं नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने बताया कि जिला अस्पताल में मरीजों की स्थिति अत्यंत चिंताजनक बनी हुई है। हाल ही में मरीजों के बेड के आसपास चूहों के घूमते हुए वीडियो सामने आए हैं, जिससे परिजनों में भारी आक्रोश है। इसके बावजूद अस्पताल प्रशासन की लापरवाही लगातार जारी है। अस्पताल में बेड और बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी है। मरीजों को बेड न मिलने के कारण फर्श पर लिटाया जा रहा है, वहीं बिछाने के लिए गंदी चादरें दी जाती हैं। कई वार्डों में पंखे जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए भी मरीजों और उनके परिजनों को संघर्ष करना पड़ता है और डॉक्टर समय पर अस्पताल नहीं पहुंचते, जिससे मरीजों का उपचार प्रभावित होता है। स्टाफ की कमी के कारण मरीजों की देखभाल ठीक से नहीं हो पा रही है। कई मामलों में मरीजों को समय पर आवश्यक दवाएं और मलहम तक नहीं मिलते, जबकि कई मरीजों को खुद ही अपनी पट्टी करनी पड़ रही है, जो स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोलता है। अस्पताल का पुराना ढांचा अब भारी संख्या में आने वाले मरीजों का दबाव झेलने में असमर्थ है। इसके साथ ही सफाई और स्वच्छता की स्थिति भी बेहद खराब बनी हुई है, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा बना रहता है। युवा कांग्रेस ने अस्पताल परिसर में वाहन स्टैंड के नाम पर हो रही अवैध वसूली का मुद्दा भी उठाया। आरोप लगाया गया कि मरीजों और उनके परिजनों से स्टैंड संचालकों द्वारा मनमाना शुल्क वसूला जा रहा है, जिस पर तत्काल रोक लगाई जाए। युवा कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं में शीघ्र सुधार नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान पूर्व पार्षद पंकज पांडे, गुड्डू नवी, कपिल भोजक, सचिन वाजपेई, अजय रावत, अभ्युत बाजपेयी, नितिन सिंह, सौरभ यादव, शिशिर नन्होरिया, शेंकी सोनकर, बादल पंजवानी, भानु यादव, राजा रैकवार, मोंटी वंशकार, श्रीकांत विश्वकर्मा, बसंत ठाकुर, सिद्धांत जैन, नीलेश जैन, शादाब खान, शुभम बोहित, आजम कुरैशी, मेवालाल पटेल, नन्हे पटेल, आशु दुबे, अंकुर गुप्ता, गोल्डी ठाकुर, मयूर कौशल, विवेक रजक, शुभम अग्रवाल, मुख़्तार अली, फिज्जु खान, जमान अंसारी, योगेंद्र वंशकार, पुष्पराज वंशकार, पल्लव उपाध्याय, डीके वंशकार, शिवम हल्दकार, नयन गुप्ता, सागर विश्वकर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# युवक का सुसाइड...परिजन बोले पत्नी-सास ने पुलिस से पिटवाया था



जयराज चौधरी, मृतक

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** जबलपुर में 28 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। परिजनों का आरोप है कि युवक की पत्नी और सास के कहने पर पुलिस ने उसे सरेराह पीटा था, यही बेइज्जती वह बर्दाश्त नहीं कर पाया और आत्महत्या कर ली। घटना शुक्रवार रात को बाबा टोला की है। शनिवार को परिजनों ने शव रखकर प्रदर्शन किया और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। स्थानीय विधायक लखन घनघोरिया ने भी पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि पुलिस पिटाई करने नहीं तो क्या आरती उतारने गई थी। जानकारी लगते ही तहसीलदार के साथ सीएसपी और हनुमानताल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझाइश दी।

## पत्नी के अफेयर को लेकर विवाद

जानकारी के मुताबिक, जयराज चौधरी (28) पेंटिंग का काम करता था। उसकी 2018 में पड़ोस में रहने वाली पूजा चौधरी से लव मैरिज हुई थी। परिजनों का कहना है कि शादी के बाद पूजा के किसी अन्य युवक से प्रेम संबंध हो गए। जयराज को इस बारे में पता चला तो पति-पत्नी में विवाद होने लगे। करीब एक सप्ताह पहले विवाद के बाद पूजा मायके चली गई। शुक्रवार को जयराज अपनी बेटी से मिलने ससुराल पहुंचा, लेकिन पूजा और उसकी मां ने उसे बच्ची से मिलने नहीं दिया। इससे नाराज होकर जयराज ने गाली-गलौज कर दी।

### रहना है पति के साथ, परिजन देते हैं आत्महत्या करने की धमकी

# हाईकोर्ट ने दिये पुलिस अधीक्षक को सुरक्षा प्रदान करने के निर्देश



**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** पति के द्वारा दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट में पेश की गयी पत्नी ने युगलपीठ को बताया कि वह हमेशा से पति के साथ रहना चाहती है। परिजन ऐसा करने पर आत्महत्या करने की धमकी दे रहे हैं। हाईकोर्ट जस्टिस विवेक अग्रवाल तथा जस्टिस राम कुमार चौबे युगलपीठ ने याचिका का निराकरण करते हुए कहा है कि शादीशुदा होने के कारण कोई भी धमकी उनके वैवाहिक रिश्ते को खत्म नहीं कर सकती है। युगलपीठ ने याचिका का निराकरण करते हुए पुलिस को निर्देशित किया है कि वह सुरक्षा में पत्नी को पति के पास पहुँचाये। सिवनी के बरघाट निवासी युवक की तरफ से दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका में कहा गया था कि उसने छिंदवाड़ा निवासी युवती से रजिस्टर्ड विवाह किया है। उसकी पत्नी को मायके पक्ष ने जबरदस्ती बंधक बनाकर रखा हुआ है। याचिका में राहत चाही गयी कि थी उसकी पत्नी को मायके पक्ष से मुक्त करवाया जाये। हाईकोर्ट ने याचिका की सुनवाई करते हुए पत्नी को पेश करने के आदेश पुलिस को दिये थे। हाईकोर्ट के आदेश पर छिंदवाड़ा पुलिस के द्वारा पत्नी को न्यायालय में पेश किया गया। पत्नी ने युगलपीठ को बताया कि वह हमेशा अपने पति के साथ रहना चाहती है। उनका कहना है कि मैं अगर पति के साथ रहने का फैसला करती है तो आत्महत्या कर लेंगे। उसे अपने परिवार वालों से गलत और गैर-कानूनी दखल का भय है। युगलपीठ से आग्रह किया गया कि हमें ऐसी धमकियों से बचाया जाये। युगलपीठ ने अपने फैसले में कहा है कि दस्तावेज के अनुसार दोनों बालिग हैं और दोनों की सही तरीके से शादी हुई और उनका विवाह रजिस्टर्ड है। सिवनी पुलिस अधीक्षक खतरे की जांच करते हुए दोनों को सही सुरक्षा प्रदान करें। पुलिस अधीक्षक संबंधित थाने बरघाट को निर्देशित करें कि दम्पति अपने साथ गलत होने की शिकायत करती है तो उस पर संवेदनशील और सहानुभूतिपूर्वक तरीके से देखे।

## स्टेट बार काउंसिल सचिव की नियुक्ति अवैध

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में स्टेट बार काउंसिल ऑफ मध्यप्रदेश की सचिव गीता शुक्ला की नियुक्ति को अवैधानिक करार दिया है। कोर्ट ने कहा कि यह नियुक्ति अधिवक्ता अधिनियम 1961 और मध्यप्रदेश राज्य बार काउंसिल नियमों का उल्लंघन कर की गई है। शुक्रवार को याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने राज्य अधिवक्ता परिषद के उन दोनों आदेशों को निरस्त कर दिया, जिनके तहत गीता शुक्ला को पहले सहायक सचिव और फिर सचिव नियुक्त किया गया था। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने गीता शुक्ला को तत्काल प्रभाव से एलडीसी (लोअर डिवीजन क्लर्क) के पद पर रिवर्ट करने के निर्देश दिए हैं।

म.प्र. राज्य अधिवक्ता परिषद के आगामी चुनाव वर्ष 2026 में सदस्य पद हेतु आपकी
प्रथम वरीयता मत का आकांक्षी
गोपाल सिंह बघेल (अधिवक्ता)

म.प्र. उच्चन्यायालय जबलपुर (म.प्र.)
पता - हॉल नं 3 सीट नं 7 विधि भवन, म.प्र. उच्चन्यायालय जबलपुर (म.प्र.)
कार्यालय-निवास
कृष्णा कॉलोनी के पास राज परिसर सुहागी, जबलपुर (म.प्र.)
Mob.: 9229653295, 8989141208, 7987512717

Mob.: 9770559042 Reg No. 48783
THE BEST ORTHO PHYSIOTHERAPY AND WELLNESS CENTRE
Dr. Riya Sonkar (PT) B.P.T., M.P.T. (Ortho) DNHE
Physiotherapist at GOVT RANIDURGAWATI (ELGIN) HOSPITAL JABALPUR
* Cupping & Manual Therapy
* Certified IASTM Therapist
* Certified Dry Needling Therapist
YOGA FITNESS CLASS ZUMBA
HOME VISIT AVAILABLE
64, Saket Nagar, Badi ukhri, Jabalpur (M.P.)
विशेष उपचार :-
Paralysis (लकवा)
Neck Pain (गर्दन दर्द)
Sciatica (सायटिका)
Frozen Shoulder (कंधे का दर्द)
Joint Pain (जोंड़ो का दर्द)
Osteoarthritis (बात)
Disc Prolapse/Slip disc (रीढ़ की हड्डी का खिसक जाना)
Facial Palsy etc (चेहरे का लकवा)
WEIGHT LOSS DIET
आधुनिक मशीनों एवं कसरत व व्यायम द्वारा उपचार किए जाते है

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, मुकेश कुमार श्रीवास द्वारा माँ रेवा पब्लिकेशन एन्ड प्रिंटर्स लक्ष्मीपुर मुस्कान प्लाजा के पीछे विवेकानंद वार्ड एम आर 4 रोड़ जबलपुर म.प्र. 482001 से मुद्रित तथा लक्ष्मीपुर मुस्कान प्लाजा के पीछे एम आर 4 रोड 21 स्वामी विवेकानंद वार्ड जबलपुर म.प्र. 482001 से प्रकाशित । संपादक: अतुल कुमार बंदेवार RNI. Reg. No MPHIN/2023/90965 ( समस्त विवादों का न्यायालयीन क्षेत्र जबलपुर ) Email:- revanchaljabalpur@gmail.com मोब. 7509202320, 9406771592